हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, शनिवार 22 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 25.8 डिग्री

14 एम्स रायपुर की स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को...



15 तालाब के पास तान दी दोमंजिला अवैध...



### सट्टेबाजों के पेज में टीवी से दो बॉल पहले जानकारी देने का दावा, सोशल मीडिया में प्रचार भी

# वेबसाइट पर सट्टा, बुकी ने टेलीग्राम पर बनाया पेज हर बॉल की भविष्यवाणी की फेंकी जा रही गुगली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

आईपीएल क्रिकेट सट्टेबाजों के लिए किसी त्योहार से कम नहीं है। शनिवार को कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स के बीच आईपीएल का पहला मैच खेला जाएगा और इसके साथ ही छत्तीसगढ़ समेत पूरे देश में सट्टे का खेल एक बार फिर शुरू हो चुका है। ऑनलाइन सट्टे की वेबसाइट्स पर, देश और विदेश में दर्जनों वेबसाइटों पर सट्टा चलने लगेगा। टॉस से लेकर जीत-हार, और हर ओवर की बॉल पर भी पैसे लगाए जा सकेंगे। इसके अलावा एक और दिलचस्प पहलू यह भी है कि बड़े सट्टेबाज फेसबुक और टेलीग्राम जैसे प्लेटफार्मों पर पेज बनाकर मैच से पहले ही जीत-हार की जानकारी देने का दावा करने लगे हैं। मैच के दौरान कौन सा दांव खेलना है, इसकी जानकारी हर पल सट्टेबाजों तक इन पेजों के जरिए पहुंचाई जाएगी।




हरिभूमि की पड़ताल में यह खुलासा हुआ है कि टेलीग्राम पर मलिक मुंबई, द टॉप बुकी, नेकराज क्रिकेट प्रेडिक्शन जैसे पेज सक्रिय हैं, जिनका प्रचार सोशल मीडिया पर किया जा रहा है। इन पेजों के माध्यम से यह दावा किया जा रहा है कि यहां से सबसे तेज जानकारी प्राप्त की जा सकती है। यह दावा किया जा रहा है कि टीवी में दो बॉल पहले ही सट्टा लगाने के लिए जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। इससे यह साफ जाहिर होता है कि सट्टेबाज अपनी गतिविधियों को और संगठित तरीके से चला रहे हैं, जिससे देशभर में सट्टेबाजी का खेल बढ़ता जा रहा है।

#### वेबसाइट में अलग-अलग नाम से ऑनलाइन एक्सचेंज

पुलिस की सख्ती के बाद सट्टे का पूरा खेल हाइटेक होकर ऑनलाइन हो गया है। सट्टेबाजों के मुताबिक आईपीएल में सट्टा के लिए तेज रफ्तार वाले वेबसाइट भी आ चुके हैं। इसे आसानी से मोबाइल पर आसानी से चलाया जा सकता है। महादेव, अन्ना रेडी शुभ लाभ, क्रिकबेट 99 जैसी वेबसाइट्स पर सट्टा खेला जाता है, जो सट्टेबाजों के बीच प्रमुख रूप से लोकप्रिय हैं। ये वेबसाइट्स कुछ देश में और कुछ विदेशी सट्टेबाजों द्वारा संचालित होती हैं। सट्टेबाजों का एक बड़ा वर्ग इन वेबसाइट्स पर पैसे लगाते हैं और मैच शुरू होने से पहले ही वेबसाइट्स पर भाव दिखाई देने लगते हैं। अपना अलग प्लेटफार्म और एक्सचेंज बनाकर धड़ल्ले से क्रिकेट सट्टा चलाए जाते है। इस वजह से ऑनलाइन खेल के फेर में सटोरियों को दबोचा पुलिस के लिए भी मुश्किल होता है।

#### सट्टा वेबसाइट में उम्र की सीमा नहीं

*आईपीएल के दौरान सट्टे का खेल तेजी से बढ़ता जा रहा है, और अब यह केवल बड़े सट्टेबाजों तक सीमित नहीं रहा। सट्टा लगाने के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं है। हरिभूमि ने दर्जन से अधिक वेबसाइट की पड़ताल की, जिसमें केवल नाम और नंबर डालने के बाद भी सट्टे के वेबसाइट में आईडी बना जाती है, जिसके बाद मैच में लाख रूपए का दाव लगा सकते हैं। ऐसे में सट्टा वेबसाइट्स पर अपनी पहचान छिपाकर खेल में शामिल होने वाले युवा, बिना किसी रोक-टोक के पैसे लगाने का आदत बना सकते हैं। इन वेबसाइट्स पर न केवल मैचों के परिणाम बल्कि टॉस, हर ओवर, या खिलाड़ी के प्रदर्शन पर भी पैसे लगाए जा सकते हैं। इन वेबसाइट्स में किसी प्रकार की उम्र की जांच नहीं की जाती।*

*छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव 14 अप्रैल से मतदान*

# सतीश थौरानी होंगे चैंबर के नए अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज चुनाव के लिए मतदान की प्रक्रिया 14 अप्रैल से प्रारंभ होगी, लेकिन इसके पहले ही अध्यक्ष सहित कई पदों की तस्वीर साफ हो गई है। सतीश थौरानी चैंबर के नए अध्यक्ष होंगे। इसके अलावा चैंबर में अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष का भी निर्विरोध चुना जाना तय है। चैंबर अध्यक्ष के लिए तीन नामांकन फार्म जमा हुए थे। इनमें सतीश थोरानी सहित जीवत बजाज और ललित जैसिंघ के नाम शामिल हैं। दोनों ने ही अपना समर्थन सतीश थौरानी को दिया है। ऐसे में सतीश थौरानी का निर्विरोध जीतना तय है। चैंबर के दोनों प्रमुख जय व्यापार पैनल और व्यापारी एकता पैनल के मध्य सुलह होने के बाद अब चुनाव निर्विरोध होने की स्थिति बन पड़ी है। ललित जैसिंघ पहले ही सतीश थौरानी को समर्थन दे चुके थे। इसके बाद जीवत बजाज को भी मनाने का दौर शुरू हो गया था। ताकि निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया ▶▶|शेष पेज 20 पर

#### 14 अप्रैल से 4 मई तक मतदान

छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के लिए प्रदेशभर में चरणबद्ध चुनाव होंगे। 14 अप्रैल से 4 मई तक मतदान का सिलसिला चलेगा। 25 जिलों में जिलाध्यक्ष और मंत्री चुने जाएंगे। इसके अलावा राजधानी रायपुर में 8 उपाध्यक्ष और 8 मंत्री चुने जाएंगे।

# प्रदेशभर में 3 घंटे ठप रहा पंजीयन दफ्तरों का सर्वर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के पंजीयन विभाग के साफ्टवेयर का सर्वर तीन घंटे ठप रहा। इसके कारण राजधानी रायपुर सहित अन्य सभी जिलों के पंजीयन दफ्तरों में भी दोपहर 12 बजे से लेकर अपरान्ह 3 बजे तक रजिस्ट्री का काम पूरी तरह से ठप रहा। रायपुर में तीन घंटे काम नहीं होने के कारण लोगों की रात करीब साढ़े सात बजे तक रजिस्ट्री कराने के लिए दफ्तर में भीड़ लगी रही। पंजीयन कार्यालय के पंजीयक विनोज कोचे ने बताया कि रायपुर में तीन घंटे सर्वर स्लो चलने के ▶▶|शेष पेज 20 पर

- रायपुर में साढ़े सात बजे तक रजिस्ट्री कराने लगी रही भीड़

#### सर्वर ठप होने से दिनभर परेशान हुए लोग

पंजीयन विभाग के साफ्टवेयर का सर्वर ठप होने के कारण रजिस्ट्री कराने पहुंचने वाले लोगों को दिनभर परेशान होना पड़ा। बताया जा रहा है कि रायपुर में डेढ़ सौ से अधिक रजिस्ट्री कराने के लिए अपॉइंटमेंट लिए गए थे। इन सभी को सुबह 10.30 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक का समय दिया गया था, लेकिन दोपहर 12 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक सर्वर ठप होने के कारण लोगों को रात साढ़े सात बजे तक रजिस्ट्री कराने के लिए रुकना पड़ा।

#### सर्वर डाउन के कारण स्लाट बुकिंग, फोटो खिंचाने व डिजिटल सिग्नेचर में लगे कई घंटे

सर्वर का प्रॉब्लम सुबह से ही रहा। इसके कारण रजिस्ट्री कराने के दौरान फोटो खिंचाने व डिजिटल सिग्नेचर भी नहीं हो पा रहा था। इसके साथ ही स्लाट बुकिंग भी नहीं हो पा रही थी। यही नहीं ओटीपी वेरिफिकेशन में भी दिक्कतें आ रही थी। इस तरह एक रजिस्ट्री में ही कई मिनट लग रहे थे।

#### 4 बजे सर्वर सुधर गया

सर्वर दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक बंद रहा। इस दौरान एक भी रजिस्ट्री नहीं हो पाई। इसके बाद सर्वर आया, लेकिन स्लो था। शाम 4 बजे से सर्वर की स्पीड बढ़ी, जिसके बाद देर शाम तक अपॉइंटमेंट लेने वाले सभी लोगों की रजिस्ट्री की गई।

- **विनोच कोचे**-पंजीयक जिला पंजीयन कार्यालय

# व्यापम-पीएससी नहीं ले रहा पैसे, इधर रविवि शून्य से पहुंचा 700 पर

भड़के छात्र संग प्राचार्य



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा प्रवेश परीक्षाओं के शुल्क में की गई वृद्धि ने छात्रों संग प्राचार्यों को भी हैरत में डाल दिया है। छात्रसंगठन के साथ महाविद्यालय प्रबंधन भी इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह वृद्धि वापस होनी चाहिए। प्रदेश में एक तरफ व्यापम और पीएससी लाखों रूपए की लागत आने के बाद भी युवाओं के लिए निशुल्क परीक्षा का आयोजन करा रहा है, दूसरी तरह नाममात्र लागत के बाद भी रविवि प्रति छात्र 700 रुपए की राशि वसुलने जा रहा है। छात्रों ने इस फीस वृद्धि को वापस लेने की मांग की है। ▶▶|शेष पेज 20 पर

#### अधिकतर छात्र ग्रामीण

*शासकीय विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र अधिकतर ग्रामीण क्षेत्रों के और गरीब परिवेश से होते हैं। उनके लिए इतनी राशि देना कठिन है। रविवि को अपने फैसले पर पुनः विचार करना चाहिए।*
*- डॉ.देवाशीष मुखर्जी, सचिव, प्राइवेट कॉलेज एसोसिएशन*

#### भविष्य के साथ खिलवाड़

*रविवि द्वारा अध्ययनशाला प्रवेश परीक्षा पर 700 रुपए शुल्क लगाना गरीब और जरूरतमंद छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। हम इस फैसले का विरोध करते हैं और इसे तुरंत वापस लेने की मांग करते हैं।*
*- शांतनु झा, जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई*

#### मांग करेंगे

*प्रवेश परीक्षाओं के लिए इतना अधिक शुल्क लिया जाना अनुचित है। हम मांग करेंगे कि इसे तुरंत हटाया जाए।*
*- प्रथम फूटाने, रायपुर महानगर मंत्री, एबीवीपी*

GOAL®
Educational Services Pvt. Ltd.
Nation's Leading Institute

1800+
successful Students of Medical in chhattisgarh



क्यो है गोल इंस्टीट्यूट पर छ.ग. का विश्वास

- गोल के पास है छ.ग. के छात्रों की जरुरतों के अनुसार तैयारी कराने का 18 वर्षों का अनुभव।
- गोल छात्र-छात्राओं को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार का भी ख्याल रखता है।
- गोल लेता है छ.ग. में सर्वाधिक टेस्ट, साथ में डाउट क्लास, बैकअप क्लास, रिविजन क्लास, सेमिनार, पर्सनल केयर इत्यादि।
- गोल के पास है छ.ग. का कोचिंग क्षेत्र में खुद का इन्फ्रास्ट्रक्चर गोल जीनियस कैम्पस।
- गोल छ.ग. में 1800 से ज्यादा मेडिकल में रिजल्ट और रैंक देने का साथ-साथ 100 % प्रमाणिक रिजल्ट के लिए जाना जाता है।
- गोल 11वीं व 12वीं के छात्रों के लिए स्कूल, कोचिंग और हॉस्टल की सुविधाएँ भी उपलब्ध कराता है।
- गोल करता है ऐकेडमिक के साथ-साथ पैरेंटल केयर।
- गोल में फैकल्टी स्थायी होते हैं जिससे छात्र सहज महसूस करते हैं।
- गोल जहाँ पर अनुभवी शिक्षकों और प्रबंधन के सदस्यों द्वारा नई शिक्षा पद्धति के अनुसार नये पैटर्न पर आधारित पूरे पाठ्य क्रम को रोचक तरिके से पढ़ाई जाती है।
- गोल सिर्फ टॉप रैंकर्स को ही नहीं बल्की साधारण छात्रों का भी केयर और सहीं दिशा-निर्देश के साथ आसाधारण रिजल्ट तक पहुंचाता है। इस लिए इसका नाम छात्रो और अभिभावकों को बीच में रिजल्ट फैक्ट्री के रुप में हुआ है प्रसिद्ध।
- गोल में हिन्दी और अंग्रेजी माध्यम के छात्रों के लिए पृथक बैचों का संचालन किया जाता है, साथ ही कमजोर छात्रों के लिए विशेष शिक्षक की व्यवस्था की जाती है।

गोल के छात्रों की बड़ी सफलता मेहनत और लगन ने रचा इतिहास
GOAL'S NEET RESULT - 2024







ADMISSION OPEN 2025-26

| | | |
|---|---|---|
| FOUNDATION<br>For 11th & 12th<br>Classes Starts on 4th April 2025 | PRE- FOUNDATION<br>For 9th & 10th<br>Classes Starts on 4th April 2025 | CRASH COURSE<br>For NEET-2025<br>Classes Starts on 28th & 31st march 2025 |
| DROPPER BATCH<br>For NEET/JEE-2026<br>Classes Starts on May/June/July 2025 | ACHIEVER BATCH<br>For NEET/JEE-2026<br>Classes Starts on June/July 2025 | TEST SERIES<br>For NEET/JEE-2026<br>Test Starts on 1st week of July 2025 |

https://bit.ly/41FBd9k

| BHILAI | BHILAI | BHILAI | RAIPUR | BILASPUR |
|---|---|---|---|---|
| 166, NEW CIVIC CENTRE<br>PH.: 0788-4013502<br>7415884100 | GOAL GENIUS CAMPUS, RISALI<br>PH.: 0788-4040300,<br>7772060999 | 139, ZONAL MARKET SECTOR-10,<br>PH.: 0788-4064100<br>9826943595 | BESIDE VIDYA HOSPITAL SHANKAR NAGAR<br>PH.: 0771-4060711,<br>9926454100 | 2ND FLOOR, AMBE TRADE CENTRE, CMD, LINK ROD<br>PH.: 07752-320345<br>9424167109 |

GOAL BRANCHES : DELHI | PATNA | RANCHI | DHANBAD
website : www.goalinstitute.org, Email : goalinstitutebhilai@gmail.com, Facebook : goalinstitutebhilai

**खबर संक्षेप**

## आप पार्टी के पाठक छत्तीसगढ़ के नए प्रभारी



**रायपुर।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पीएसी की बैठक में डॉ. संदीप पाठक को छत्तीसगढ़ का नया प्रभारी नियुक्त किया गया है। डॉ. पाठक वर्तमान में आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री हैं। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने कहा, हमारे छत्तीसगढ़ के बेटा आम आदमी पार्टी के चाणक्य के नाम से जाने जाने वाले डॉ.संदीप पाठक, राज्य सभा सांसद एवं राष्ट्रीय संगठन मंत्री को छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। उनके मार्गदर्शन में हम सबको काम करने का अवसर मिलना हम सब के लिए सौभाग्य की बात है। आने वाले समय में डॉ. पाठक के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश में आम आदमी पार्टी जनता के सामने अपनी विचारधारा को रखेगी और प्रदेश में जनता से हो रहे अन्याय के खिलाफ मजबूती से अपना पक्ष रखेगी।

## आदर्श महाविद्यालय अटारी में वार्षिकोत्सव आज

**रायपुर।** अटारी स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव पुरस्कार वितरण समारोह शनिवार को आयोजित है। जिले के एकमात्र अंग्रेजी माध्यम महाविद्यालय का यह तीसरा वार्षिकोत्सव होगा, जिसमें छात्र-छात्राएं विभिन्न विधाओं में रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति देंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. समरेंद्र सिंह सिंह ने बताया कि इस अवसर पर प्रथम बार अकादमिक और सह-पाठ्येत्तर गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रो को 'रामलीला सम्मान' से पुरस्कृत किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर नगर निगम के वार्ड 1 के पार्षद संदीप साहू होंगे। इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिकारी-कर्मचारी और छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगे।

# एम्स रायपुर की स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी को बृजमोहन ने लोकसभा में उठाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने एम्स रायपुर में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी का मामला लोकसभा में उठाया। सांसद ने लोकसभा में एम्स रायपुर में बिस्तरों की उपलब्धता, मरीजों के रेफरल, संसाधनों की बढ़ोतरी और अधिकारियों की जवाबदेही को लेकर सवाल खड़ा किया।

इस पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव ने बताया, एम्स रायपुर में 33 विभागों में 1098 बिस्तर उपलब्ध हैं। यहां मई 2024 से सितंबर 2024 तक केवल 6 महीनों में ही 2546 मरीजों को अन्य अस्पतालों में रेफर किया गया। हालांकि मरीजों का रेफरल मानक चिकित्सा प्रोटोकॉल और उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए किया जाता है। मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन के तहत 150 बिस्तरों वाले क्रिटिकल केयर अस्पताल ब्लॉक की स्थापना को मंजूरी दे दी गई है।

**डायरेक्टर अशोक जिंदल की कार्यशैली पर भी उठाए सवाल**



श्री अग्रवाल ने अस्पताल प्रशासन पर भी सवाल उठाए और कहा, एम्स रायपुर में बिस्तरों की उपलब्धता के बावजूद मरीजों को भर्ती करने से मना किया जाता है, एम्स स्टाफ द्वारा मरीजों और उनके परिजनों के साथ किए जा रहे अभद्र व्यवहार की लगातार शिकायतें मिल रही हैं। यहां तक कि आपातकालीन वार्ड में भर्ती मरीजों को चार घंटे बाद जबरन छुट्टी दे दी जाती है। इस संबंध में एम्स अस्पताल प्रबंधन को पहले भी पत्र लिखा था, लेकिन उचित कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने एम्स डायरेक्टर अशोक जिंदल की कार्यशैली पर भी सवाल उठाते हुए कहा, जब भी मैंने खुद या मेरे कार्यालय से एम्स रायपुर से संपर्क करने की कोशिश की गई, डायरेक्टर ने कोई जवाब नहीं दिया। यह रवैया पूरी तरह से गैर-जिम्मेदाराना है। उन्होंने कहा, हम प्रदेश के नागरिकों को उनके अधिकार से वंचित नहीं होने देंगे। एम्स रायपुर में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए हर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और कार्य में लापरवाही बरतने वाले दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## छत्तीसगढ़ में कृषि के लिए मांगा विशेष पैकेज

**रायपुर।** लोकसभा में शुक्रवार को कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत अनुदान की मांगों पर चर्चा के दौरान रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने पूर्वोत्तर राज्यों की तरह छत्तीसगढ़ को भी कृषि क्षेत्र में विशेष पैकेज देने की मांग की। छत्तीसगढ़ में 30% आदिवासी और लगभग 12% अनुसूचित जाति के लोग रहते हैं, जिनके हितों को ध्यान में रखते हुए यह अनुदान अत्यंत आवश्यक है। श्री अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ एक कृषि प्रधान राज्य है, जहां लगभग 76% आबादी कृषि पर निर्भर है। राज्य में 40.11 लाख कृषक परिवार हैं, जिनमें से 82% कृषक लघु एवं सीमांत श्रेणी के हैं। इन किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वे नवीन कृषि तकनीकों और आवश्यक संसाधनों को अपनाने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। यदि छत्तीसगढ़ को भी पूर्वोत्तर राज्यों की तरह केंद्र प्रवर्तित योजनाओं में विशेष अनुदान प्रावधान मिले, तो इससे प्रदेश के किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और कृषि विकास को बढ़ावा मिलेगा।

### साही की मौत को लेकर वन अफसर अब तक मौन

# जंगल सफारी में नागालैंड से लाया गया हिमालयन भालू बीमार, डिहाईड्रेशन का हुआ शिकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानव निर्मित एशिया का सबसे बड़ा जंगल सफारी वन्यजीवों के लिए मौत का सफारी साबित हो रहा है। सफारी प्रबंधन की लापरवाही के कारण आए दिन वन्यजीवों की मौत होने के साथ वे बीमार भी पड़ रहे हैं। सफारी में हाल के दिनों में नागालैंड जू से लाए गए दो हिमालयन भालू में से एक की रास्ते में मौत हो गई। नागालैंड के अनुपात में छत्तीसगढ़ में गर्मी ज्यादा होने की वजह से हिमालयन भालू डिहाईड्रेशन का शिकार हो गया है। हिमालयन भालू के बीमार होने की सफारी प्रबंधन ने अब तक किसी तरह से अधिकृत पुष्टि नहीं की है। सूत्रों के मुताबिक जिस हिमालयन भालू के बीमार होने की बात सामने आ रही है, वह हिमालयन भालू नागालैंड से लाते समय रास्ते में बीमार पड़ गया था। एक हिमालयन भालू की मौत होने की वजह से सफारी प्रबंधन ने दूसरे हिमालयन भालू के बीमार होने की बात छिपाकर रखी। हिमालयन भालू को कूल रखने बर्फ की सिल्ली की मदद लेने की बात सामने आई है।

### साही की मौत के कारणों का अब तक पता नहीं

जंगल सफारी में आधा दर्जन के करीब साही की पिछले महीने मौत हुई है। साही की मौत किन कारणों से हुई है, इसे लेकर सफारी प्रबंधन ने अब तक किसी भी प्रकार का अधिकारिक रूप से बयान जारी नहीं किया है। सफारी में जिन साही की मौत हुई थी, उनके बगैर पोस्टमार्टम किए पीएम रिपोर्ट बनाए जाने के भी सूत्रों ने जानकारी दी है।






### मुझे किसी ने रिपोर्ट नहीं की

सफारी में सभी वन्यजीवों का मेडिकल कराया गया है, भालू को लेकर अब तक मुझे किसी ने रिपोर्ट नहीं की है।

- **सतोविशा समाजदार,** सीसीएफ वाइल्ड लाइफ

### कोई इश्यू नहीं है

सफारी में रह रहे हिमालयन भालू के स्वास्थ्य को लेकर किसी तरह से कोई इश्यू नहीं है, वर्तमान में सफारी में दो वन्यजीव चिकित्सक अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

- **धमशील गनवीर,** डायरेक्टर, जंगल सफारी

### विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी

डॉक्टर राकेश वर्मा के अधिकारी छीने जाने के बाद से जंगल सफारी वन्यजीव स्पेशलिस्ट चिकित्सक की कमी से जूझ रहा है। वर्तमान में जंगल सफारी में दो वन्यजीव चिकित्सक हैं। उनमें से एक भालू का जानकार वन्यजीव चिकित्सक है, तो दूसरा वन्यजीवों का गायनेकोलॉजिस्ट है। विषम परिस्थिति में अंजोरा से जानकार डॉक्टर बुलाए जाते हैं, जिसका सफारी प्रबंधन को अलग से टीए डीए देना पड़ता है।

### गर्मी में स्थिति खराब होने की आशंका

इस वर्ष गर्मी ने मार्च में ही तेवर दिखाना शुरू कर दिया है। ऐसे में अप्रैल, मई में इस बार प्रचंड गर्मी पड़ने की संभावना है। ऐसे में वन्यजीवों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर की जल्द ही नियुक्ति नहीं करने पर सफारी प्रबंधन को परेशानी का सामना करना पड़ेगा। वन्यजीवों के बीमार पड़ने पर सही समय पर उपचार नहीं मिल पाएगा। गर्मी के सीजन में वन्यजीवों को डिहाईड्रेशन से बचाने अलग से दवा दी जाती है। साथ ही डॉक्टर के प्रिसक्रिप्शन के अनुसार वन्यजीवों के लिए भोजन की व्यवस्था की जाती है।

**अंतिम अरदास**

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮ ਕਮਾਇ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥



स्व. सरदार जसपाल सिंघ घई जी (डैडी जी)

अत्यंद दु:ख के साथ सूचित किया जाता है कि मेरे पति
स्व. सरदार जसपाल सिंह घई (डैडी जी)
का स्वर्गवास, 18.03.2025 दिन मंगलवार को हो गया है।

जिनकी आत्मिक शांति हेतु श्री अखंड पाठ साहिब
की समाप्ति आज 22.03.2025 दिन शनिवार को
सुबह 10 बजे निवास आमानाका में की जायेगी एवं

कीर्तन और अंतिम अरदास
दोपहर 12 से 1 बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंघ सभा
एम्स के सामने, टाटीबंध, रायपुर में होगी। उपरांत गुरु लंगर वरतेगा जी।

Firm:
• Ulike Garage
• Ulike Automobile
Amanaka Raipur
Call: 9302458144, 9425206575

शोकाकुल:
सरदारनी गुरजिन्दर कौर घई (पत्नी)
स. गुरविन्दर सिंघ घई (पुत्र)
स. हरप्रीत सिंघ घई (पुत्र)
डॉ. खुशबीर सिंघ गंडोक (दामाद)
स. इशमीत सिंघ घई, सिमरन सिंघ घई (पोत्र)
डॉ. नितिनपाल सिंघ गंडोक (दोत्र)
समस्त घई परिवार

MAHESHWARI
























## खबर संक्षेप


### स्वास्थ्य मंत्री से मिले चिकित्सा छात्र



**रायपुर।** सीजीडीएफ एवं जेडीए की टीम ने संयुक्त रूप से स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी से मुलाकात कर त्रिवर्षीय अवकाश के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान उन्होंने पोस्ट एमबीबीएस एवं तथा पोस्ट पीजी बांड की अवधि कम करने तथा बांड की राशि कम करने हेतु आग्रह किया गया। पीजी बांडेड डॉक्टर्स की वेतन विसंगति को दूर करने का आग्रह किया गया, जिनका वेतन पीजी (एमडी/एमएस) के छात्र से कम है। बांड खत्म करने तक संपत्ति गिरवी रखने के नियम को शिथिल करने और रायपुर, बिलासपुर, जगदलपुर मेडिकल कालेज में हॉस्टल की समस्या दूर करने की मांग की।

### अमर शहीद हेमू कालाणी की जयंती, संतों और महापौर को किया आमंत्रित

**रायपुर।** सामाजिक संस्था क्रांतिवीर अमर शहीद हेमू कालाणी समिति ने 23 मार्च को अमर शहीद



हेमू कालाणी की 102वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष किशोर आहूजा एवं मीडिया प्रभारी भरत पमनानी अन्य पदाधिकारियों के साथ दुर्गा माता मंदिर मढ़ी लिली चौक रायपुर के महंत सतगुरु अनंत पुरी गोस्वामी को आमंत्रित करने पहुंचे और कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। इसके अलावा शदाणी दरबार के प्रमुख, संत डॉ. युधिष्ठिर लाल, देवपुरी गोदड़ीधाम की महंत अम्मा मीराबाई तथा महापौर व पार्षदों को भी कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया गया है।

## निधन

### उमा अग्रवाल

**रायपुर।** न्यू शांति नगर शंकर नगर निवासी उमा अग्रवाल का 21 मार्च



को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 22 मार्च को सुबह 10 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे अशोक अग्रवाल की पत्नी एवं आशुतोष अग्रवाल, अमित अग्रवाल की माता थीं।

### सविता तराते

**रायपुर।** तेलीबांधा निवासी वरिष्ठ भाजपा नेत्री सविता तराते का 21



मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार तेलीबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे राकेश तराते, अंजू व शैलेश तराते की माता थीं।

### कीर्ति लता दुबे

**रायपुर।** हाउसिंग बोर्ड निवासी कीर्ति



लता दुबे (56) का 21 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज उनके पैतृक गृह निवास गोंदिया में किया जाएगा। वे प्रिंस दुबे और राहुल दुबे की माता थीं।

# अरहर दाल में राहत का तड़का, तीन साल बाद कीमत लौटी 100 से 120 तक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर


अरहर दाल की कीमत अब जाकर तीन साल बाद वापस पुरानी हो गई है। 2022 में अरहर दाल की कीमत 100 से 120 रुपए थी, अब यही कीमत इस समय हो गई। चिल्हर में अच्छी क्वालिटी की दाल 120 से 130 में मिल रही है। बीते साल के अंतिम माह दिसंबर में ही अरहर दाल की कीमत चिल्हर में 180 रुपए थी। बीते साल तो इसके दाम दो सौ रुपए के पार भी गए। थोक में ही इसकी कीमत 190 रुपए तक चली गई थी। दूसरी दालों के दाम भी अब कम हो गए हैं। किसी भी दाल के दाम इस समय थोक में सौ रुपए के अंदर हैं। चिल्हर में दाम कुछ ज्यादा हैं।

अरहर दाल ही हर घर और होटलों, ढाबों, रेस्टोरेंट में ज्यादा बनती है। इस दाल की डिमांड पूरे देश में सबसे ज्यादा रहती है। अपने राज्य छत्तीसगढ़ में भी इसकी डिमांड ज्यादा है। यहां पर यह दाल महाराष्ट्र से ज्यादा आती है। वैसे लोकल दाल की भी बहुत मांग रहती है। आमतौर पर महाराष्ट्र की दाल को ज्यादा पसंद किया जाता है। इसके दाम लोकल दाल से थोड़े ज्यादा रहते हैं।

### दो सौ के पार गए दाम

अरहर दाल की कीमत तीन साल पहले 2022 में थोक में 90 से 100 रुपए और चिल्हर में 100 से 120 रुपए थी। इसके बाद इसके दाम बढ़ने प्रारंभ हुए तो 2023 में इसकी कीमत दो सौ रुपए के पार हो गई। थोक में जहां कीमत 190 रुपए हो गई, वहीं चिल्हर में इसके दाम 210 से 220 रुपए हो गए। ऐसा ही 2015 में भी हुआ था जब फसल प्रभावित हुई थी। 2023 में भी फसल कम होने की बात की गई। इसके बाद तो इसका असर 2024 तक रहा। इस साल भी इसलके दाम दो सौ रुपए तक रहे। 2024 के अंतिम माह में कीमत थोक में 140 से 160 और चिल्हर में 160 से 180 रुपए तक रही।

### दिसंबर में ही चिल्हर में दाम 180 रुपए थे



### दाम अब पहले जैसे

अरहर दाल की कीमत थोक में ही 190 रुपए तक चली गई थी, अब नई फसल आने के बाद दाम बहुत कम होकर पहले की तरह ही थोक में 100 से 120 रुपए हो गए हैं। - **गोविंद माहेश्वरी,** थोक कारोबारी

### अन्य दालें भी सस्ती

अन्य दालें भी इस समय सस्ती हो गई हैं। चना दाल थोक में 70 से 72 और चिल्हर में 80 से 85 रुपए, उड़द दाल थोक में 100 और चिल्हर में 110 रु, मूंगदाल थोक में 100 और चिल्हर में 110 रुपए है। देशी चना थोक में 60 से 65 और चिल्हर में 70 से 75 रुपए में मिल रहा है। काबुली चना भी बहुत सस्ता हो गया है। इसके दाम भी 180 रुपए तक चले गए थे, अब यह थोक में 100 रुपए और चिल्हर में 110 रुपए में बिक रहा है।

### नए साल में जनवरी से घटने लगे दाम

इस साल जनवरी में जब इसकी नई फसल आई तो इसके बाद इसके दाम घटने प्रारंभ हुए। हालांकि शुरुआत में ज्यादा दाम कम नहीं हुए। लेकिन फिर भी राहत रही, क्योंकि जो दाल चिल्हर में 160 से 180 रुपए मिल रही थी, वह कम होकर 140 से 160 रुपए हो गई। इसके बाद लगातार दाम कम होते-होते अब मार्च में इसके दाम थोक में 100 से 120 और चिल्हर में 120 से 130 रुपए हो गए हैं। थोक मे 120 रुपए वाली दाल महाराष्ट्र की अच्छी क्वालिटी की है, यह चिल्हर में 130 में मिल रही है। इसी तरह से थोक में 100 रुपए में मिलने वाली दाल चिल्हर में 110 रुपए में मिल रही है।

## जड़ सहित शिफ्ट किए गए सभी पौधे जीवित, नई जड़ों का हुआ विकास

# तेज गर्मी से पहले रेलवे के ट्रांसप्लांट पौधों में पहुंची जान, बरगद-बेल में खिल उठे फूल और फल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रेलवे विकास कार्यों की जद में आ रहे वर्षों पुराने पेड़ों को बचाने का रेलवे का प्रयास सफल रहा है। पांच महीने पहले रेलवे ने जड़ सहित 20 से अधिक पेड़ों को रेलवे स्टेशन के पीछे स्थित स्थान पर शिफ्ट किया था, अब इन पेड़ों की नई जड़ें विकसित हो चुकी हैं। ट्रांसप्लांट किए गए सभी पौधों में नई पत्तियों के साथ फल और फूल खिलने लगे हैं। हरे पत्तों से लदी नई शाखाएं अब इन पेड़ों की खूबसूरती को बढ़ा रही हैं।

बरगद, नीम, बेल समेत फल और छायादार पौधों की जड़ों तक एक बार फिर से नई जान पहुंच चुकी है। गर्मी की शुरुआत में इन पौधों का खिलना यह सकारात्मक संकेत है कि ये अब खत्म नहीं होंगे। आने वाले कुछ वर्षों में ये पौधे फिर से लोगों को छांव प्रदान करते नजर आएंगे। खासकर ट्रांसप्लांट किए गए बेल के पौधे में फल और बरगद में नए पत्ते उग आए हैं।







### तेजी से विकसित हो रहे पेड़

बड़े वृक्षों के ट्रांसप्लांट के बाद नई जड़ों के विकसित होने में लगभग तीन महीने से अधिक का समय लगता है। ठंड से पहले रेलवे ने 50 से 70 साल पुराने वृक्षों को जड़ों सहित दूसरी जगह शिफ्ट किया था। विशेष देखभाल और निगरानी से अब सभी पौधे फिर से जीवित हो चुके हैं। इस प्रकार, रेलवे स्टेशन के विकास के दौरान ट्रांसप्लांट किए गए सभी पौधे सुरक्षित और स्वस्थ हैं। रेलवे ने इन पौधों को ऐसी जगहों पर शिफ्ट किया है, जहां उनकी जड़ों को विकास और विस्तार होने में मदद मिल सके। यही कारण है कि ट्रांसप्लांट के बाद पौधे तेजी से विकसित होने लगे।

### 100 से अधिक पेड़ों का लक्ष्य

ट्रांसप्लांट तकनीक में सफलता मिलने के बाद रेलवे ने अब अपने लक्ष्य को और बढ़ा दिया है। अब रेलवे के विकास कार्यों की जद में आने वाले पेड़ों को बचाने का प्रयास किया जाएगा। रेलवे ने 100 से अधिक पेड़ों को इस तकनीक के माध्यम से ट्रांसप्लांट करने का लक्ष्य रखा है। इस प्रयास के तहत रेलवे गुढ़ियारी की ओर स्थित रेलवे कॉलोनी में 22 पेड़ों को शिफ्ट किया जा चुका है, जिसमें आम, नीम और पीपल जैसे छायादार पेड़ शामिल हैं। इसके अलावा, अन्य स्थानों पर भी पेड़ों के ट्रांसप्लांट का काम जारी है, और इन स्थानों पर भी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल रहे हैं।

# एसटीपी रेटिंग में भाठागांव को 3 स्टार, निमोरा-कारा व चंदनीडीह को 4 स्टार मिला

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

जल ही अमृत योजना 2.0 के तहत शहरों में बनाए गए एसटीपी की भारत सरकार ने थर्ड एजेंसी के माध्यम से जांच कराई है। इस जांच के आधार पर राजधानी रायपुर में अलग-अलग स्थानों पर बनाए गए 4 एसटीपी को रेंटिंग दिया गया है।

इसके तहत भाठागांव को 3 स्टार तथा ग्राम निमोरा, ग्राम कारा एवं ग्राम चंदनीडीह को 4 स्टार की रेटिंग दी गई है। भारत सरकार ने इन चारों एसटीपी सहित प्रदेश के कुल 11 एसटीपी के लिए 11.38 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि भी जारी की है।



### राज्य में 4 स्टार रेटिंग पाने वाला रायपुर पहला शहर बना

भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने जल ही अमृत 2.0 योजना के तहत सभी राज्यों द्वारा जल के कुशल पुनः उपयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जल ही जीवन कार्यक्रम की शुरुआत की है। इस कार्यक्रम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित 11 एसटीपी के लिए प्रथम किस्त के रूप में 11.38 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि जारी की है। यह राशि 20 मार्च 2025 को जारी की गई है।

### रायपुर के 4 एसटीपी के लिए 8.75 करोड़ रुपए जारी

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में 4 एसटीपी का निर्माण किया गया है। इनमें ग्राम भाठागांव में 5.83 करोड़ की लागत से 6 एमएलडी क्षमता का तैयार किया गया है। इसी प्रकार ग्राम निमोरा में 90 एमएलडी क्षमता, ग्राम कारा में 35 एमएलडी क्षमता एवं ग्राम चंदनीडीह में 75 एमएलडी क्षमता के एसटीपी तैयार किए गए हैं। ये तीनों एसटीपी के निर्माण में 235.00 करोड़ की लागत लगी है। भारत सरकार ने चारों एसटीपी के लिए कुल 8.75 करोड़ रुपए की प्रोत्साहन राशि जारी की है। इसमें प्रथम किस्त के रूप में 6.13 करोड़ रुपए जारी किया है।

# झूठे रेप केस में फंसाने की धमकी देकर वसूली, पत्नी के बाद अब पति गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

अपने पूर्व प्रेमी को रेप के झूठे केस में फंसा देने की धमकी देकर 42 लाख रुपए फिरौती वसूल करने के आरोप में देवेंद्र नगर थाने की पुलिस ने एक महिला के बाद उसके पति को शुक्रवार को रायगढ़ से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने ब्लैक मेलिंग करने के आरोप में रत्नेश कौशिक उर्फ रितु को तीन माह पूर्व जनवरी में गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल किया है।

सौरभ द्विवेदी की शिकायत पर पुलिस ने रायगढ़ निवासी अनिल कौशिक को गिरफ्तार किया है। सौरभ ने पुलिस को बताया है कि सोशल मीडिया के माध्यम से रत्नेश के साथ पहचान हुई थी। इसके बाद



■ महिला ने अपने पूर्व प्रेमी को पति से तलाक लेने पैसों की मांग कर किया ब्लैकमेलिंग

दोनों आपस में एक दूसरे से मिलने लगे। सौरभ के अनुसार रत्नेश के परिजनों ने दोनों का विवाह करने इनकार कर दिया और रत्नेश की शादी रायगढ़ निवासी अनिल से कर दी।

### पारिवारिक विवाद का झांसा देकर संपर्क

सौरभ ने पुलिस को बताया है कि शादी के बाद रत्नेश ने उससे फेसबुक के माध्यम से दोबारा संपर्क किया। दोबारा संपर्क होने पर रत्नेश ने अपने पति तथा ससुराल के लोगों से विवाद होने का झांसा देकर अपने पति के साथ तलाक लेने सौरभ से पैसों की मांग की। सौरभ ने पैसा देने से इनकार कर दिया। तब रत्नेश ने सौरभ को झूठे रेप केस में फंसाने का झांसा देकर 42 लाख रुपए वसूल किए। सौरभ ने रत्नेश के बारे में जानकारी जुटाई, तो उसे पता चला की रत्नेश अपने पति के साथ मिलकर उसके साथ धोखाधड़ी कर जबरन वसूली कर रही है।

## वार्ड में निर्धारित से कम भेजे जा रहे सफाई कर्मी

# दो ठेकेदारों पर 10-10 हजार रुपए जुर्माना किया, एक सुपरवाइजर को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के प्रत्येक वार्ड में ठेकेदार के अंडर में काम करने के लिए सफाई कर्मियों की संख्या निर्धारित है। इसके बाद भी कई वार्ड में निर्धारित संख्या के अनुसार सफाई कर्मियों को भेजा नहीं जा रहा है, जिसके कारण उस वार्ड में सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। ऐसे ही कुछ वार्ड के संबंधित जोन कमिश्नर ने दो ठेकेदारों पर 10-10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं एक सुपरवाइजर जो बिना अनुमति के तीन दिन से अनुपस्थित है, उसके खिलाफ कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

### वार्ड नंबर 7 में सफाई व्यवस्था चरमराई मिली

नगर निगम आयुक्त एवं अपर आयुक्त ने जोन-9 अंतर्गत कुशाभाउ ठाकरे वार्ड क्रमांक-7 में शुक्रवार को सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड में सफाई व्यवस्था चरमराई मिली। पूछताछ की, तो पता चला कि वार्ड के प्रभारी सफाई सुपरवाइजर नरेश कुमार तीन दिन से ड्यूटी पर ही नहीं पहुंचा है। वह बिना सूचना के छुट्टी पर चला गया है।

निरीक्षण के दौरान जोन क्षेत्र में निर्धारित संख्या से कम सफाई कर्मचारी काम करते मिले। इस मामले में अधिकारियों ने जोन-9



सफाई गैंग के ठेकेदार कमलेश राजपूत पर भी 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाने के निर्देश दिए। साथ ही नोटिस जारी कर 3 दिन के भीतर निर्धारित 15 सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाने कहा। इसके बाद भी सफाई कर्मचारी ड्यूटी पर नहीं पहुचेंगे, तो ठेकेदार का अनुबंध निरस्त कर उसका नाम काली सूची में डाले जाने की चेतावनी दी गई है।

### परमहंस वार्ड में भी मिले निर्धारित से कम सफाई कामगार

निगम अधिकारियों ने जोन 8 क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। इस दौरान रामकृष्ण परमहंस वार्ड नंबर-20 में भी निर्धारित से कम संख्या में सफाई कामगार काम करते मिले। अधिकारियों ने इस वार्ड के सफाई ठेकेदार दानेश्वर शेन्द्रे को नोटिस जारी किया और 10 हजार रुपए का जुर्माना किया। अधिकारियों ने यहां भी सफाई व्यवस्था को 2 दिनों में सुधारने के निर्देश दिए हैं।

### निगम का बजट 28 को

**रायपुर।** नगर निगम रायपुर का वार्षिक बजट 28 मार्च को सामान्य सभा की बैठक में पेश किया जाएगा। निगम सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने सामान्य सभा की तारीख तय कर इस संबंध में आदेश जारी किया है। इस सामान्य सभा में महापौर मीनल चौबे पहली बार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करेंगी। निगम मुख्यालय के चतुर्थ तल पर सामान्य सभा सभागार में यह बैठक होगी। बैठक में प्रारंभिक एक घंटे प्रश्नकाल चलेगा। इसके बाद एमआईसी की बैठक में लिए गए संकल्पों पर निर्धारित एजेण्डों पर चर्चा और विचार-विमर्श किया जाएगा।

# तालाब के पास तान दी दोमंजिला अवैध कमर्शियल बिल्डिंग, निगम ने तोड़ी





हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

राजधानी रायपुर के कुशालपुर इलाके में पहाड़ी तालाब के पास एक व्यक्ति ने दो मंजिला कमर्शियल बिल्डिंग का अवैध रूप से निर्माण किया हुआ था, जिसे शुक्रवार को नगर निगम की टीम ने तोड़ने की कार्रवाई की। इसके अलावा निगम की टीम ने कुशालपुर चौक रिंग रोड से भाठागांव जाने वाले मार्ग पर अवैध रूप से बने 16 शेड, 12 पाटा-चबूतरा तथा 4 ठेले-गुमटी को भी हटाने की कार्रवाई की।

नगर निगम आयुक्त के निर्देश पर जोन-5 क्षेत्र के तहत कुशालपुर पहाड़ी तालाब के पास अवैध रूप से निर्मित कमर्शियल बिल्डिंग को तोड़ने की कार्रवाई की है। निगम की टीम इस क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण एवं कब्जों को हटाने की कार्रवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान निगम ने सबसे पहले कुशालपुर पहाड़ी तालाब के पास अवैध रूप से बनी कमर्शियल बिल्डिंग को तोड़ने की कार्रवाई की।

टीम ने इसके बाद कुशालपुर चौक रिंग रोड से भाठागांव जाने वाले मार्ग पर अवैध रूप से बनाए गए 16 शेड निर्माण को तोड़कर हटाया। इस मार्ग पर दुकानों के सामने अवैध रूप से नाली-नाले के ऊपर बनाए गए 12 पाटा-चबूतरों को भी तोड़ने की कार्रवाई की। इसके अलावा 4 ठेले-गुमटी को भी सड़क से हटाने की कार्रवाई की।

### गंदगी फैलाने पर 14 व्यापारियों से 28500 जुर्माना वसूला

निगम की टीम ने निरीक्षण के दौरान 14 दुकानों के सामने सड़क पर सामान रखने एवं गंदगी फैलाने के मामले में भी कार्रवाई करते हुए उन पर जुर्माना लगाया। इन सभी व्यापारियों से जुर्माना के रूप में कुल 28 हजार 5 सौ रुपए वसूल किया।

### रायपुरा में सब्जी मंडी की 6 अवैध दुकानें तोड़ी गईं

निगम की टीम ने रायपुरा स्थित शास्त्री बाजार सब्जी एवं फल मंडी थोक व्यापारी कल्याण सोसाइटी द्वारा तैयार किए गए व्यावसायिक काम्पलेक्स में अवैध रूप से बनाई गई 6 दुकानों को भी तोड़ने की कार्रवाई की। जोन कमिश्नर ने बताया कि अवैध निर्माण को नियमितीकरण कराने के लिए निर्माणकर्ता द्वारा जोन कार्यालय में आवेदन किया था, जिसे छत्तीसगढ़ नियमितीकरण प्राधिकरण समिति की बैठक में रखा गया था। इस बैठक में नगर तथा ग्राम निवेश के संयुक्त संचालक द्वारा नियमितीकरण अधिसूचित तारीख 19 जुलाई 2022 के बाद निर्माण कार्य होने के कारण निरस्त कर दिया। इसके बाद निगम द्वारा अवैध निर्माण को तोड़ने तीन बार सोसाइटी को नोटिस भेजा गया, जिसका पालन नहीं किया गया। इस मामले में अब कार्रवाई करते हुए इन दुकानों को तोड़ा गया।

**आम सूचना**

**क्रय-विक्रय के संबंध में**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण छबेली बाई व चमेली बाई दोनों पिता स्व. ईश्वर दोनों निवासी ग्राम लांजा, भैंसा, तहसील आरंग जिला रायपुर छ.ग. के सहखातेदारों के नाम से संयुक्त स्वामित्त्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि मौजा लांजा, प.ह.नं.-01, रा.नि.मं. -भैंसा, तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित है, जिसका खसरा नंबर क्रमशः-181/5, 230/4, 501/7, 549/9, 576/6, 583/7, 638/6 कुल रकबा 0.6600 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर क्रमशः-76/4, 181/4, 230/3, 501/6. 549/8, 576/5, 583/6, 538/5 कुल रकबा 0.6700 हेक्टेयर दोनों कुल रकबा 1.33 सिंचित कृशि को क्रय करने का पक्का सौदा कर क्रेता के द्वारा ब्याना राशि विक्रेतागण को अदा कर किया गया है विक्रय विलेख की निष्पादन एवं पंजीयन की कार्यवाही मात्र शेष है।

अतः उपरोक्त क्रय-विक्रय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, बोर्ड, प्राधिकरण निगम, केन्द्र शासन, राज्य शासन, साहूकार आदि को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज सहित इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर ऊपर लिखे पते पर आपत्ति प्रस्तुत कर पावती प्राप्त कर लेवें। समाचार पत्र मे प्रकाशन के माध्यम से की गई आपत्ति / खंडन स्वीकार योग्य नही होगी। निर्धारित समयावधि पश्चात विक्रयपत्र की निष्पादन एवं बैनामा पंजीयन करा ली जावेगी, बाद मियाद प्राप्त आपत्ति झूठा, नाजायज एवं शून्य माना एवं समझा जावेगा। जो मेरे पक्षकार के ऊपर बंधनकार नहीं होगा।

सो सूचना जाने

दिनांक-

भवदीय
एच.डी. सुन्दरानी, कौशलेन्द्र तिवारी, अनंत तिवारी, (अधिवक्तागण)
पता- 15/994, प्रथम तल ई.ए.सी. कॉलोनी रजिस्ट्री ऑफिस के पीछे, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं.-8839604656, 9300762038

**//आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में स्थित भवन एल.आई.जी. टाईप 1/119, को श्रीमती सीमा तनवीर पति श्री तनवीर जमाल के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 18.08.2017 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती सीमा तनवीर पति श्री तनवीर जमाल, निवासीः मकान नं. 37/356, मेन रोड मसुबिया चौक मदरसा रोड बैजनाथ पारा रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्री घनश्याम बर्मन पिता श्री देवचंद बर्मन, निवासीः- ग्राम बोडरा पो.आ. रसनी थाना व तहसील आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः अटल विहार योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित एल.आई.जी. टाईप-1/119, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

सपंदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर

**//आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.), में स्थित एल.आई.जी. भवन क्रमांक 44, को श्रीमती पूनम ठाकुर पति श्री सनत कुमार ठाकुर के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक 27.07.2010 को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान श्रीमती पूनम ठाकुर पति श्री सनत कुमार ठाकुर, निवासीः- तिरंगा चौक अलमारी फैक्ट्री के पास, कुशालपुर रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती पायल जीतेन्द्र शुक्ला पति श्री जीतेन्द्र शुक्ला, निवासीः म. नं. 84/बी वार्ड नं. 09, सरायपाली तहसील सरायपाली जिला महासमुंद (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन. ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित एल.आई.जी. भवन क्रमांक 44, के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय / अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अद्योहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

सपंदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नक्सल मुक्त पंचायतों को मिलेगी 1 करोड़ की राशि, सरकार का नया प्लान

## माओवादियों और हिंसा पीड़ितों के पुनर्वास के लिए नई पहल करेगी सरकार : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बस्तर में मुठभेड़ के बाद 30 नक्सलियों के शव बरामद हुए। इसके एक दिन बाद राज्य सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। नक्सलवाद को खत्म करने के लिए शून्य-सहिष्णुता की नीति पर जोर देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, सरकार आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों और हिंसा पीड़ितों के पुनर्वास के लिए कई पहल करेगी। हाल ही में स्वीकृत छत्तीसगढ़ नक्सली आत्मसमर्पण पीड़ित राहत और पुनर्वास नीति-2025 के तहत, आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों को तीन साल तक मुफ्त आवास और भोजन समेत 10,000 की मासिक वित्तीय सहायता मिलेगी।

संवाददाताओं से चर्चा में उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में ग्राम पंचायतें, जो नक्सलियों के आत्मसमर्पण की सुविधा प्रदान करेंगी और खुद को इस खतरे से मुक्त घोषित करेंगी, उन्हें 1 करोड़ के निर्माण कार्यों, बिजली और फोन नेटवर्क की मंजूरी दी जाएगी। सरकार को उम्मीद है



कि इन उपायों से अधिक नक्सली हथियार डालने के लिए प्रोत्साहित होंगे। हथियार डालने वाले नक्सलियों को कौशल विकास प्रशिक्षण दिया जाएगा। पीएम आवास योजना के तहत जमीन और मकान आवंटित किए जाएंगे। नई नीति में वित्तीय सहायता सहित कई अन्य प्रावधान शामिल किए गए हैं। गारपा, पुजारीकांकेर और कोंडापल्ली सहित कई दूरदराज के गांवों में साप्ताहिक बाजार, जो माओवादी गतिविधियों के कारण पिछले कई वर्षों से बंद थे, फिर से खुल गए। क्षेत्र में कम से कम 577 नए मोबाइल टावर लगाए गए हैं।

### शहीद सुरक्षा कर्मियों की लगेंगी मूर्तियां

डिप्टी सीएम विजय शर्मा के मुताबिक नई नीति के कार्यान्वयन से अधिक नक्सली आत्मसमर्पण करने और मुख्यधारा में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित होंगे। वीर बलिदानी योजना के तहत, सरकार ने नक्सली गोलियों से शहीद हुए सुरक्षाकर्मियों की मूर्तियां स्थापित करने के लिए पंचायत विभाग के माध्यम से 10 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। शहीद कर्मियों के परिजनों की लंबे समय से लंबित मांग को स्वीकार करते हुए शुरुआत में 500-600 प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। भविष्य में, शहीद कर्मियों की सैकड़ों प्रतिमाएं छत्तीसगढ़ में उनके पैतृक गांवों में स्थापित की जाएंगी।

### पामेड़ तक बस सेवा शुरू की गई

डिप्टी विजय शर्मा ने कहा कि सुरक्षा बलों और सरकार के संयुक्त प्रयासों से बीजापुर शहर से जिले के सबसे दूरस्थ नक्सल प्रभावित गांव पामेड़ तक बस सेवा शुरू की गई। इसी तरह की सेवाएं बस्तर क्षेत्र के अन्य सुदूर गांवों के लिए भी शुरू की गईं। 25 वर्षों तक, पामेड़ तक केवल तेलंगाना के माध्यम से पहुंचा जा सकता था और किसी को 250 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ती थी। बीजापुर जिला मुख्यालय से पामेड़ तक कोई सीधी कनेक्टिविटी नहीं थी। अब सुरक्षा बलों के प्रयासों से, बीजापुर से तर्रेम और कोंडापल्ली के माध्यम से 90 किमी की दूरी तय करके पामेड़ पहुंचा जा सकता है। मार्ग पर यात्रियों के लिए एक बस का परिचालन शुरू हुआ।



## शासकीय सेवकों की 3 सहकारी समितियों को 35.713 हेक्टयर जमीन आवंटित

विधानसभा में भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने राजधानी रायपुर में आईएएस अफसरों एवं अन्य शासकीय सेवकों को दी जा रही जमीनों की जानकारी मांगी। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि शासकीय सेवकों की तीन सहकारी समितियों को 35.713 हेक्टेयर शासकीय भूमि रियायती दर पर रायपुर में आवासीय प्रयोजन के लिए आवंटित की गई है। प्रश्नकाल में भाजपा विधायक पुरन्दर मिश्रा का सवाल था कि क्या शासकीय सेवकों या उनकी सहकारी समितियों को रियायती दर पर रायपुर या नया रायपुर में आवासीय उपयोग हेतु भूमि का आबंटन किया गया है? यदि हां, तो किस-किस विभाग के, किस-किस संवर्ग के शासकीय सेवकों को कहां-कहां, किस-किस दर पर किया गया है? क्या रियायती दर पर संचालनालयीन अधिकारियों की गृह निर्माण सहकारी समिति को भी आबंटन किया गया है?



### इन्हें आवंटित की गई जमीन

राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने जवाब दिया कि शासकीय सेवकों की सहकारी समितियों को रियायती दर पर रायपुर में शासकीय भूमि आवासीय उपयोग हेतु ग्राम सेरीखेड़ी में 12.128 हेक्टेयर में से रकबा 15 एकड़ भूमि छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा संवर्ग के अधिकारियों के आवासीय प्रयोजन हेतु छग राज्य प्रशासनिक सेवा गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित रायपुर को आबंटित किया गया है। ग्राम सेरीखेड़ी में 20.24 हेक्टेयर भूमि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल को आईएएस अधिकारियों के आवासीय प्रयोजनार्थ विकसित भूखंड उपलब्ध कराने हेतु आबंटित किया गया है। संचालनालयीन अधिकारियों की गृह निर्माण सहकारी समिति को ग्राम सेरीखेड़ी में 3.350 हेक्टेयर हाउसिंग बोर्ड को छत्तीसगढ़ मंत्रालयीन सेवा के अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए सस्ती दरों पर आवासीय भूमि आबंटन करने हेतु आबंटित किया गया है। बाजार दर पर प्रीमियम और भू-भाटक लेकर आवंटन इसमें आबंटित होने वाले क्षेत्र का 60 प्रतिशत अथवा प्लाट एरिया जो भी अधिक हो का बाजार दर पर प्रीमियम तथा सामान्य वार्षिक भू-भाटक लेकर वित्तीय वर्ष 2016-17 की गाइड-लाइन के आधार पर प्रब्याजी एवं भू-भाटक लेकर सामान्य शर्तों के साथ भूमि आवंटन किया गया है।

### ये करेंगे विकसित

भाजपा विधायक राजेश मूणत ने कहा कि आपने जमीनों के आबंटन की जानकारी दी। इन्हें डेवलप्ड कौन करेगा? मंत्री वर्मा ने कहा, राज्य प्रशासनिक सहकारी समिति डेवलपमेंट करेगी। आईएएस अधिकारियों के लिए हाउसिंग बोर्ड करेगा। मूणत ने कहा, डेवलपमेंट किस तरह का हो इसे लेकर खास सतर्कता बरतनी होगी।

## मीसाबंदियों को फिर मिलेगी सम्मान राशि, विधानसभा में विधेयक पारित

रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा में लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक 2025 पारित किया गया है, जो मीसाबंदी को मिलने वाले सम्मान को लेकर बनाया गया है। विधेयक के पारित होने के बाद, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, यह विधेयक लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान करने के लिए बनाया गया है, जिन्होंने इमरजेंसी के दौरान 19-19 महीने जेल की सजा काटी थी। उन्होंने कहा, आज लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान करते हुए एक विधेयक छत्तीसगढ़ विधानसभा में पास किए हैं। इस विधेयक के तहत, पिछली सरकार द्वारा बंद किए गए कार्यक्रम को फिर से शुरू किया जाएगा और पिछले 5 साल की राशि एक साथ दी जाएगी। इसके अलावा, इस विधेयक को एक कानूनी रूप दिया जाएगा, ताकि आगे चलकर लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान में कोई कटौती न हो। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 21 मार्च को भारत के लोकतंत्र के लिए ऐतिहासिक दिन बताते हुए कहा, आपातकाल भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय है और 21 मार्च 1977 वह दिन है जब देश ने तानाशाही के विरुद्ध जीत दर्ज की थी। उन्होंने कहा, यह केवल एक राजनीतिक बदलाव नहीं था, बल्कि भारत के नागरिकों की आस्था, साहस और संघर्ष की विजय थी।

**मेरे बड़े पिताजी गए थे जेल :** मुख्यमंत्री ने कहा, मेरे बड़े पिताजी नरहरि साय को भी 19 महीने जेल में रखा गया था। वे लाखों लोकतंत्र सेनानियों में से एक थे जिन्होंने तानाशाही के विरुद्ध खड़े होकर भारत की आत्मा की रक्षा की। कई सेनानियों को तो बेड़ियों में जकड़ा गया और उनके परिवारों को भी अमानवीय यातनाएं झेलनी पड़ीं। यह सब कुछ उस संविधान के नाम पर हो रहा था, जिसे बनाने में बाबा साहेब अंबेडकर का जीवन लगा था।

**पिछली कांग्रेस सरकार ने रोक दी थी सम्मान राशि:** मुख्यमंत्री ने तीखा प्रहार करते हुए कहा, आज वही लोग संविधान की किताब हाथ में लेकर संविधान की दुहाई देते हैं, जिन्होंने कभी उसे रौंदने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। 1975 में आपातकाल लगाकर पाप किया गया और उसकी पुनरावृत्ति तब हुई जब पिछली कांग्रेस सरकार ने लोकतंत्र सेनानियों की सम्मान राशि रोक दी।

# मुख्यमंत्री ने कहा- 770 करोड़ के खर्च से स्वामी आत्मानंद स्कूलों का और अच्छे से होगा संचालन

## कांग्रेस विधायक के सवाल पर कहा- स्वामी आत्मानंद स्कूलों को पीएमश्री में शामिल करेंगे

विधानसभा में कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव ने आत्मानंद स्कूलों को लेकर पूछा कि 8 अप्रैल 2023 को भिलाई के सेक्टर 9 स्कूल को स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल बनाने की घोषणा की गई थी। इसका नाम अब बदलकर पीएम श्री रखा गया है। वो स्कूल आने वाले समय में शुरू करेंगे क्या? मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इसके जवाब में कहा, आत्मानंद स्कूल का नाम कहीं भी बदला नहीं गया है, बल्कि उसमें पीएमश्री जोड़ा गया है। पीएमश्री भारत सरकार की योजना है, आप को खुश होना चाहिए कि पीएमश्री स्कूल में आत्मानंद स्कूल शामिल हो रहा है, तो इसमें भारत सरकार से भी सहयोग मिलेगा और स्कूल के संचालन में अच्छी व्यवस्था होगी। पिछले साल 700 करोड़ का प्रावधान है, इस साल 770 करोड़ कर रहे हैं तो आत्मानंद स्कूल और अच्छे से चलेंगे। विधायक देवेंद्र यादव ने पूछा साल 2023 में जिस स्कूल की घोषणा हुई थी, उसे आगामी समय में घोषणा की पूर्ति सरकार करेगी क्या। सीएम साय ने जवाब दिया कि इसकी जांच करा ली जाएगी। विधायक ने कहा, खुर्सीपार और छावनी स्कूल की डिटेल दी गई है। छावनी स्कूल में 1175 बच्चे पढ़ते हैं। इंग्लिश मीडियम और हिंदी मीडियम एक ही स्कूल में शिफ्टवाइस लगते हैं। वहां कमरों की कमी है। खुर्सीपार के स्कूल में लगभग 1500 बच्चे पढ़ते हैं। प्रायमरी विंग में 20 टीचर की पोस्ट स्वीकृत है जिसमें 7 टीचर के पोस्ट खाली है। मिडिल में 2 पोस्ट खाली है। सीएम से आग्रह है कि क्या आगामी समय में ये पोस्ट भरे जाएंगे। सीएम साय ने जवाब दिया, आत्मानंद स्कूल कांग्रेस शासनकाल का है। इन्होंने इसके लिए कोई नई व्यवस्था नहीं की, कोई नया भवन नया सेटअप नहीं दिया। पुराने पुराने स्कूल, रायगढ़ का नटवर हाई स्कूल को आत्मानंद स्कूल बनाया। हम इन स्कूलों को अच्छा कर रहे हैं। पहले जो शिक्षक थे वे प्रतिनियुक्ति और संविदा से भरे जाते थे। संविदा वाले 500 शिक्षक छोड़कर चले गए, लेकिन अब हम बजट से उनके वेतन की व्यवस्था कर रहे हैं। पहले कुछ विभाग से, सीएसआर से, डीएमएफ से वेतन की व्यवस्था की जाती थी, लेकिन अब बजट में प्रावधान कर रहे हैं, इससे आत्मानंद स्कूल और अच्छे से चलेंगे।





### पीएमश्री स्कूल के अंतर्गत आते हैं तो सौभाग्य की बात- यादव

यादव ने कहा, भिलाई में 3 स्कूलों में 2020-21, 2022-23 में 6 करोड़ 33 लाख 61 हजार 522 रुपये खर्च किए गए। अगर पूर्ववर्ती सरकार ने आत्मानंद स्कूल में खर्च नहीं किया, तो आंकड़े इसकी गवाही दे रहे हैं। अब ये स्कूल पीएमश्री स्कूल के अंतर्गत आ रहे हैं, तो ये सौभाग्य की बात है। हम कुछ कमरों की ही बात कर रहे हैं। उस पर सीएम स्पष्ट जवाब दे दें। यादव ने कहा, खुर्सीपार के स्वामी आत्मानंद स्कूल में कॉमर्स की क्लास नहीं लगती, बच्चों को दूर जाना पड़ता है। सीएम ने जवाब दिया कि सेक्टर 9 स्कूल के बारे में जांच की बात कह चुके हैं।

**केंद्र से लक्ष्य मिलने पर शामिल करेंगे**

महंत ने पूछा कि पूर्ववर्ती सरकार ने लगभग 600 स्कूल आत्मानंद स्कूलों खोले गए थे। क्या इन सभी स्कूलों को पीएमश्री स्कूल के अंतर्गत लाया जाएगा। क्या इसके रखरखाव के लिए पीएम श्री स्कूल से राशि मिलेगी। सीएम साय ने कहा, प्रदेश में आत्मानंद के 751 स्कूल चल रहे है, आपने कम बताया है। जिनमें से 341 स्कूल पीएमश्री के अंतर्गत आते हैं। कुछ आत्मानंद के स्कूल भी शामिल है। जैसे-जैसे भारत सरकार से लक्ष्य मिलेगा और भी शामिल करते रहेंगे।

# उमेश ने कहा- प्रश्न एक जैसा, मंत्री भी वही, उत्तर तीन बार गलत, टंकराम बोले- चेक करवाता हूं

विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन प्रश्नकाल में विधायक उमेश पटेल ने रायगढ़ जिले के एनएच 200 में भू-अर्जन और मुआवजे की स्थिति का मामला उठाया? उन्होंने कहा, पिछली बार जवाब में 820.783 हेक्टेयर आया था। एक जैसा प्रश्न, मंत्री भी एक, लेकिन उत्तर 3 बार गलत, तो आखिरकार कौन से उत्तर को सही मानें? राजस्व मंत्री टकराम वर्मा ने बताया कि रायगढ़ जिले के निजी भूमि कुल रकबा कुल मिलाकर 141.23 हेक्टेयर निजी भूमि अर्जित की गई है। विधायक ने कहा, इसके पहले 141.5, उसके ठीक बार फिर अलग जवाब, उत्तर सही कौन सा है? 820 और 143 जमीन-असमान का अंतर है? मंत्री ने इस पर कहा, दोनों ही जानकारियों में अन्तर क्यों आया, इसको मैं चेक करता हूं। विधायक ने कहा, यह लगातार हो रहा है। विधानसभा को लगातार अलग-अलग उत्तर देने पर अधिकारियों पर कार्रवाई करिए?





### जवाब से असंतुष्ट हैं तो उसकी प्रक्रिया कर लें : रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा, अगर आप जवाब से असंतुष्ट हैं, तो आप उसकी प्रक्रिया कर लें। हम आगे बढ़ जाएंगे। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने कहा, जो अन्तर आ रहा है, वह बड़ा अंतर है। सीधे 820 का अंतर है। अध्यक्ष ने कहा, आप लिख कर दे दें, हम निराकरण करेंगे।

**भूमि अर्जित न करना पड़े इसलिए किया गया प्रतिबंधित :** विधायक ने कहा, एनएच 200 का सर्वे किसी और डायरेक्शन में था। नए सर्वे में डायरेक्शन बदल दिया गया, लेकिन पुराने सर्वे का अप्रतिबंध कब तक हटाएंगे? मंत्री ने बताया कि निर्माण शुरू होने से पहले प्रतिबंधित किया गया था। अभी नए निर्माण के भूमि अर्जित न करना पड़े, इसलिए उसे प्रतिबंधित किया गया है? विधायक ने इस पर सवाल किया कि इसे कब तक रिलीज कर दिया जाएगा? मंत्री ने कहा, मेरी जानकारी में कई बात नहीं हैं, उसे मैं दिखवा लेता हूं।

### जांच कराने मंत्री की घोषणा

विधायक उमेश पटेल ने कहा, कई ऐसी जमीन हैं, जिन्हें मुआवजा नहीं मिला है। जमीन प्रभावित ही नहीं हुआ है, लेकिन 2 करोड़ का मुआवजा बना हुआ है। ये अगर गलती हुई है तो क्या रिकवरी के लिए अधिकारी पर कार्यवाही करेंगे? मंत्री ने कहा, इस सड़क के निर्माण के संबंध में यह 2005 का है, जिसकी जानकारी दी गई है, इसकी मैं जांच करवाऊंगा। विधायक ने कहा, अधिकारियों से सांठ-गांठ करके 2 करोड़ का मुआवजा दिया गया है। अधिकारी पर कार्यवाही की गई क्या? मंत्री ने बताया कि इसकी शिकायत दर्ज करेंगे।

**नए विधायकों को नवा रायपुर के नकटी में जमीन देने पर विचार :** नए विधायकों को राजधानी में जमीन आवंटन का मामला विधायक धर्मजीत सिंह और राजेश मूणत ने उठाया। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि अभी जमीन चिन्हांकन की कार्रवाई हो रही है। नवा रायपुर में नकटी गांव में जमीन देने का विचार चल रहा है। आवंटन के लिए अभी अंतिम निर्णय बाकी है। विधायक धर्मजीत सिंह ने विषय उठाते हुए कहा, नए विधायकों को राजधानी में रहने की व्यवस्था नहीं है। मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा, मामला संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप और अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की जानकारी में है। हम जल्द ही इस मामले में कार्रवाई करेंगे।

# कांग्रेस का आरोप- उत्पादन से ज्यादा खरीदी, नारेबाजी कर किया बहिर्गमन

## स्थगन प्रस्ताव को स्पीकर ने किया नामंजूर





छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन धान खरीदी घोटाले को लेकर विपक्ष ने सरकार को घेरा। कांग्रेस ने लगभग 13 हजार करोड़ के घोटाले का आरोप लगाते हुए स्थगन प्रस्ताव लाया और सदन की कार्यवाही रोककर चर्चा की मांग की। स्थगन प्रस्ताव नामंजूर होने पर विपक्ष ने वहिर्गमन किया।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा, किसानों की मेहनत पर अधिकारी भ्रष्टाचार कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि धान खरीदी में बड़ा घोटाला हुआ है। उन्होंने कहा, कृषि विभाग ने धान का कुल उत्पादन 110 लाख 11 हजार मीट्रिक टन प्रतिवेदित किया था, क्योंकि उत्पादन से 36 प्रतिशत अधिक धान खरीदा जा रहा है। समर्थन मूल्य के अलावा कृषि उपज मंडियों में लगभग 15 लाख मीट्रिक टन का विपणन हुआ है। वहीं, उमेश पटेल ने कहा, यह कोई छोटा मामला नहीं है, सदन को काम रोककर इस पर चर्चा कराई जानी चाहिए।

### स्पीकर ने किया अग्राह्य

स्पीकर डॉ. रमन सिंह ने इस बीच स्थगन प्रस्ताव को अग्राह्य कर दिया। पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा, धान खरीदी में करोड़ों का भ्रष्टाचार हुआ है, धान खरीदी पर सत्तापक्ष जवाब नहीं दे पा रहा है। इसके बाद विपक्ष ने नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन किया।

# विधानसभा में 6 विधेयक पारित, दो विधेयकों के विरोध में विपक्ष ने किया बहिर्गमन

## रजिस्ट्रीकरण संशोधन विधेयक में वित्तीय ज्ञापन न होने का विरोध

विधानसभा के बजट सत्र के आखिरी दिन 6 विधेयक पारित किए गए। इन विधेयकों में छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान, निजी विवि, ऑनलाइन रजिस्ट्री, श्रम संशोधन विधेयक सहित अन्य विधेयक शामिल हैं। इन विधेयकों के पारित होने के दौरान दो बार विपक्षी सदस्यों ने बहिर्गमन किया। रजिस्ट्रीकरण संशोधन विधेयक में वित्तीय ज्ञापन न होने पर विपक्ष ने आपत्ति जताई और सदन से बहिर्गमन किया। उससे पहले छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक को लेकर भी आपत्ति जताते हुए विपक्षी सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन किया।



सदन में जिन विधेयकों को पारित किया गया, उनमें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की तर्ज पर अब छत्तीसगढ़ में राज्य औद्योगिक सुरक्षा बल का गठन होगा। अब पुलिस बल के 500 जवान प्रतिनियुक्ति पर सीआईएसएफ में जाएंगे। इन जवानों को प्रदेश के औद्योगिक संस्थाओं की सुरक्षा में तैनात किया जाएगा।

### ऑनलाइन करा सकेंगे रजिस्ट्री

रजिस्ट्रीकरण संशोधन विधेयक भी सदन में पारित हुआ। 100 साल पुराने प्रावधान को बदलते हुए कई नया प्रावधान अब रजिस्ट्री प्रक्रिया में शामिल कर दिया गया है। अब रजिस्ट्री को आधार, पैन से लिंक किया जा सकेगा। ऑनलाइन फॉर्म के जरिए रजिस्ट्री संपादित कराई जा सकेगी। रजिस्ट्री में कुछ त्रुटि हुई, तो आईजी उसका निराकरण कर सकेंगे। करीब 36 बदलाव पुराने कानून में किए गए हैं।

**उद्योग का पंजीयन नहीं कराने पर अब नहीं होगी जेल**

छत्तीसगढ़ श्रम कानून संशोधन और विविध प्रावधान विधेयक 2025 भी पारित किया गया। इसके तहत प्रदेश के उद्योगों को कई सहूलियत प्रदान की गई है। उद्योग का पंजीयन नहीं कराने पर अब जेल की सजा नहीं होगी। बस जुर्माना अदा करना होगा। श्रमिकों को हड़ताल करने से 6 सप्ताह पहले सूचना देनी होगी। उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा, ऐसे प्रावधान से प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा मिल सकेगा।

**सहकारी संशोधन विधेयक**

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति संशोधन विधेयक के जरिए अब सचिव स्तर के अधिकारी को भी राज्य सहकारी निर्वाचन आयुक्त बनने की पात्रता दे दी गई है।

### छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक भी पारित

विधानसभा में आपातकाल में आवाज उठाने वाले लोगों को राज्य सरकार की ओर से सम्मान देने के लिए छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक भी पारित हुआ। पहले यह सिर्फ नियम था, अब इसे एक्ट का रूप दे दिया गया है।

**रुंगटा इंटरनेशनल स्किल विश्वविद्यालय बनेगा निजी क्षेत्र की 18वीं यूनिवर्सिटी :** आज छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय संशोधन विधेयक 2025 पारित कर दिया गया। इसके जरिए प्रदेश में एक और निजी विश्वविद्यालय की स्थापना की अनुमति दे दी गई।

**उत्कृष्ट पत्रकार-विधायकों की घोषणा**

## विधायक भावना बोहरा और लखेश्वर होंगे सम्मानित





छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के अंतिम दिन शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने उत्कृष्ट विधायकों और पत्रकारों के नामों की घोषणा की। सत्ता पक्ष से पंडरिया विधायक भावना बोहरा और विपक्ष से बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल के नाम का ऐलान किया गया। वहीं विधानसभा में प्रिंट मीडिया से डॉ. राकेश पांडेय और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से योगेश मिश्रा के नाम की घोषणा हुई है। उत्कृष्ट पुरस्कार से सम्मानित होने वाले पत्रकार और विधायकों को विधानसभा स्पीकर डॉ. रमन सिंह के साथ सभी विधायकों ने बधाई दी है।

■ पत्रकार डॉ. राकेश पांडेय, योगेश मिश्रा को मिलेगा सम्मान

## भाजपा का भिलाई और रायपुर में आज स्नेह मिलन

रायपुर। भाजपा शनिवार को पूरे देश में बिहार दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत" के विचार के अनुरूप स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया, भिलाई में सुबह 11 बजे के कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा उपस्थित रहेंगे। रायपुर में शाम 5 बजे मेडिकल कॉलेज सभागार के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। मंत्री केदार कश्यप, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक राजेश मूणत, सुनील सोनी, पुरंदर मिश्रा, मोतीलाल साहू, गुरू खुशवंत साहेब, इंद्रकुमार साहू, अनुज शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव व महापौर मीनल चौबे विशेष अतिथि रहेंगे।

**भाजपा की बैठक में फैसला, हर मंडल और जिले से भारी संख्या में सभा में पहुंचने के निर्देश**

# मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक, महापौर से लेकर पंच, सरपंच सभी रहेंगे मोदी की सभा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिल्हा विधानसभा के मोहभट्टा में 30 मार्च को होने वाली सभा में प्रदेश भाजपा संगठन ने दो लाख की भीड़ जुटाने का लक्ष्य तय किया है। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में शुक्रवार को हुई बैठक में तय किया गया, पीएम की सभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, पूरा मंत्रिमंडल, प्रदेश के सभी सांसद, विधायकों के साथ नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में जीतने वाले महापौर, सभापति, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पंच और सरपंच सभी को रहना है।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन ने कहा, प्रदेश में नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव में भाजपा की जीत इस बात की प्रतीक है कि हमारी पहचान कमल का निशान हैं। आज ऐतिहासिक सफलता के बाद निर्वाचित प्रतिनिधि



अपनी जवाबदेही को न भूलें। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सफलता का श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव को देते हुए श्री नवीन ने कहा, जनप्रतिनिधि के नाते जनता की बात सुनें, उनकी समस्याओं के निदान में प्रामाणिकता का परिचय दें। श्री नवीन ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ में पंचायत से लेकर संसद तक भाजपा है। श्री नवीन ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के 30 मार्च को प्रस्तावित छत्तीसगढ़ प्रवास में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करने की बात कही।

### पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम : किरण देव

प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने कहा, लगातार सवा साल से विधानसभा चुनाव, लोकसभा चुनाव, उप चुनाव, के बाद निकाय और पंचायत चुनावों में ऐतिहासिक जीत हमारे लिए महत्वपूर्ण अवसर है। यह अभूतपूर्व विजय है। विधानसभा चुनाव में हमारा वोट प्रतिशत 46 था जो लोकसभा में बढ़कर 51 प्रतिशत हुआ और निकाय व पंचायत चुनाव में हमारा वोट प्रतिशत 56 हुआ है। श्री देव ने कहा, यह बड़ा जनादेश है। पंचायत से पार्लियामेंट तक भाजपा का परचम फहराने का लक्ष्य पूर्ण हुआ। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने प्रधानमंत्री के छत्तीसगढ़ प्रवास को भव्य और ऐतिहासिक बनाने की अपील की।

### छत्तीसगढ़ को एक आदर्श राज्य बनाना है : अरुण साव

प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा, चहुंओर केसरिया और भगवा फहरा रहा है। लेकिन बदली तो सिर्फ सत्ता है अब व्यवस्था को बदलने की जिम्मेदारी हमें निभाना है। व्यवस्था में परिवर्तन लाकर हम छत्तीसगढ़ को एक आदर्श राज्य बनाएं। निकाय व पंचायत चुनाव में जीत हासिल ऐतिहासिक है उस बड़ी जीत को विनम्रता से स्वीकार कर अब व्यवस्था और प्रशासनिक कार्य संस्कृति में बदलाव लाना हमारी जिम्मेदारी है। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने पार्टी के आगामी कार्यक्रमों व कार्ययोजनाओं की रूपरेखा रखी। भाजपा प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने भाजपा के बिहार दिवस कार्यक्रम की जानकारी दी।

# बंजारी माता मंडल के भागीरथी यादव, बिरगांव भाजपा मंडल से योगेश साहू बने अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बंजारी माता भाजपा मंडल के भागीरथी यादव एवं बिरगांव मंडल से योगेश साहू को अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति होने से क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं का इंतजार खत्म हो गया है। मंडल अध्यक्ष की घोषणा के संबंध में भाजपा के नेता एवं वार्ड क्रमांक 28 के पिंकू गुप्ता ने यह जानकारी दी।



बिरगांव निगम क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में इस नियुक्ति से हर्ष का माहौल है। दोनों ही क्षेत्र के सक्रिय भाजपा नेता हैं। दोनों अध्यक्षों का कार्यकर्ताओं से लगाव है। इनकी अगुवाई में कार्यकर्ता नए जोश और उत्साह से काम करेंगे। आगामी निकाय चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए अब जमीनी स्तर पर तैयारी का दौर भी शुरू हो गया है। निगम के 40 वार्डों में भाजपा के प्रत्याशी परचम लहराएं। इसको लेकर उन्होंने कहा कि संगठन जिस कार्यकर्ता प्रत्याशी पर मुहर लगाएगी संगठन उनके लिए दिन-रात मेहनत करके उन्हें जीत दिलाएगा।

18

श्रीराम जन्मोत्सव से पहले मंदिरों में ....

**लाइव इवेंट**

## मूट कोर्ट प्रतियोगिता में भावी वकील करेंगे कानूनी अभ्यास, निखारेंगे कौशल




**रायपुर।** हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में शुक्रवार को द्वितीय जस्टिस हिदायतुल्ला इंटरनेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता के उद्घाटन हुआ। यह प्रतियोगिता 21 से 23 मार्च तक आयोजित है, जिसमें भारत के प्रमुख विधि संस्थानों की टीमें भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्देश्य अधिवक्ता कौशल को बढ़ावा देना और अंतर्राष्ट्रीय विधिक विमर्श को सशक्त बनाना है। समारोह के मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति आरसीएस सामंत, अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ आर्बिट्रेशन ट्रिब्यूनल और पूर्व न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने औपचारिक उद्घाटन किया। साथ ही विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति मयंक के. जैन, पूर्व न्यायाधीश, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने भी अपने विचार साझा किए। कुलपति प्रो. (डॉ.) वीसी विवेकानंदन ने कहा कि इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन एक सहयोगात्मक और निरंतर विकसित होने वाला क्षेत्र है। मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं ये दर्शाती हैं कि मध्यस्थता एक अलग-थलग विधिक प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह विभिन्न कानूनी परंपराओं, दृष्टिकोणों और पारस्परिक सम्मान से निर्मित होती है।

> द्वितीय जस्टिस हिदायतुल्ला इंटरनेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता का हुआ उद्घाटन समारोह

### वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा

*विशिष्ट अतिथि न्यायमूर्ति मयंक के. जैन ने कहा कि प्रतियोगिताएं कानूनी शोध, अधिवक्ता कौशल और टीमवर्क बढ़ाने का उत्कृष्ट साधन हैं। चाहे जीत हो या हार, हर अनुभव से कुछ नया सीखने का अवसर मिलता है। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति आरसीएस सामंत ने वैकल्पिक विवाद निपटान प्रणाली के बढ़ते महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत धीरे-धीरे मध्यस्थता के क्षेत्र में एक वैश्विक केंद्र के रूप में उभर रहा है, जहां कानूनी सुधार और संस्थागत समर्थन तेजी से हो रहे हैं। मूट कोर्ट प्रतियोगिताएं आगामी वकीलों को वास्तविक कानूनी चुनौतियों का सामना करने के लिए सक्षम और आत्मविश्वासी बनाती हैं।*

**'विकसित भारतः प्रोग्रेस एंड डेवलपमेंट' थीम पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत**

# देशभर के नामी प्रोफेसर्स ने विकसित भारत का समझाया महत्व, जनकल्याणकारी नीतियों से आएगी विश्व शांति

**कलिंगा विश्वविद्यालय में 'विकसित भारत प्रोग्रेस एंड डेवलपमेंट' थीम पर शुकवार को दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरुआत हुई। इन दो दिनों में 20 से अधिक तकनीकी सत्र आयोजित किए जाएंगे। संगोष्ठी में देशभर के विभिन्न नामी विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर्स अपनी भागीदारी निभा रहे हैं।**




**रायपुर।** संगोष्ठी में शोध प्रस्तुतकर्ताओं को मार्गदर्शन भी दिया जा रहा है। प्रस्तुत होने वाले शोधपत्रों के विषय हैं, आर्थिक विकास एवं समृद्धि, लैंगिक समानता, सामाजिक समावेशन, आंतरिक सुरक्षा, प्राकृतिक संसाधन, संस्कृति व जैव विविधता का संरक्षण, शासन एवं संस्थागत सुधार, डिजिटल समृद्धि, विश्व शांति में भारत की भूमिका। इन विषयों पर प्रस्तुत शोधपत्रों का संपादन कर पुस्तक प्रकाशन की योजना है।

### महत्वपूर्ण लक्ष्यों पर कार्य करना होगा

जनसंपर्क विभाग के अपर संचालक आलोक देव ने बताया कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए सभी राज्यों को पूरा करने उच्च तकनीकों, गुणवत्ता युक्त उत्पादों का उत्पादन सहित पर्यावरणीय, जलवायु परिवर्तन और विकसित देशों के अनुभव जैसे महत्वपूर्ण गोल्स पर कार्य करना होगा। राष्ट्रीय संगोष्ठी को सीआईडीसी के डायरेक्टर जनरल डॉ. पीआर स्वरूप, उच्च शिक्षा संचालनालय के संयुक्त संचालक डॉ. जीए घनश्याम, रिटायर्ड आईएफएस अरविंद बोज, कलिंगा यूनिवर्सिटी की राजनीति शास्त्र की प्रोफेसर डॉ. अनिता, जनरल सेक्रेटरी इंडिया एकोनॉमी एसोसिएशन डॉ. रविंद्र ब्रम्हे सहित अन्य विद्यवान वक्ताओं ने 'विकसित भारतः प्रोग्रेस एंड डेवलपमेंट' के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्रस्तुत की।

## किसानों के साइकोलॉजी स्तर पर शोध सुलझाएगा आत्महत्या का कारण




नरदहा स्थित आंजनेय यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय क्षेत्रीय सम्मेलन 'छत्तीसगढ़-विजन @2047' का भव्य आगाज शुक्रवार को हुआ, जिसमें 2 सौ से अधिक शोधकर्ताओं की उपस्थिति दर्ज की गई। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य छत्तीसगढ़ के विकास को 2047 तक एक समृद्ध, आत्मनिर्भर एवं प्रगतिशील राज्य बनाने की दिशा में विचार करना है। सम्मेलन में नवीन तकनीकी के समावेश में औद्योगिक विकास, डिजिटल परिवर्तन, कृषि, नीति निर्माण, तकनीकी अनुसंधान, छत्तीसगढ़ की प्रचीन एवं सांस्कृतिक धरोहर पर विशेष रूप से चर्चा की जाएगी। यह आयोजन उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। प्रथम सत्र में ऑनलाइन -ऑफलाइन मोड पर प्रदेशभर के शोधकर्ता शामिल हुए।

> औद्योगिक विकास, डिजिटल परिवर्तन, कृषि, नीति निर्माण, तकनीकी अनुसंधान, छत्तीसगढ़ की धरोहर पर शोधपत्र तैयार



### लाइब्रेरी में दस्तावेज के रूप में शोधपत्रों को स्थान

विधायक सुनील सोनी ने अपने संबोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ को विकसित राज्यों की सूची में शामिल करना है तो हमारी संस्कृति, धरोहर एवं परंपराओं को जीवित रखना होगा। तीन दिवसीय सम्मेलन में शोधकर्ताओं के शोधपत्र को प्रदेशभर के अनेक लाइब्रेरी में दस्तावेज के रूप में रखा जाएगा, ताकि भविष्य में अन्य शोधकर्ताओं को छत्तीसगढ़ की जानकारी जुटाने में मदद मिल सके। इस दौरान शिक्षा विभाग के सचिव प्रसन्ना आर. ने प्राध्यापकों के प्रशिक्षण कौशल पर चर्चा की, जिन्होंने उद्योग क्षेत्र में अभ्यर्थियों और प्रशिक्षकों को ध्यान एकत्र करने की बात कही। इस अवसर पर कॉलेज के प्रति कुलपति डॉ. सुमित श्रीवास्तव, कुलपति डॉ. टी. रामाराव, कुलाधिपति अभिषेक अग्रवाल मुख्य रूप से शामिल हुए।

### आदिवासी चिकित्सा प्रणाली पर शोध

'छत्तीसगढ़ स्ट्रेटेजिक रोल ऑफ इंडियन-फॉरेन पॉलिसी' विषय पर शोधकर्ता ओजस दुबे सम्मेलन में शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे, जो विकसित भारत 2047 अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ को विकासशील राज्यों में शामिल करने पर विचार विमर्श करेंगे। उल्लेख में राज्य के आदिवासी कला, संस्कृति एवं पारंपरिक चिकित्सा प्रणाली को इंडियन कल्चरल डिप्लोमेसी में प्रमुखता के रूप में शामिल करने की बात कही जाएगी, ताकि देश-विदेश में छत्तीसगढ़ी संस्कृति को लोगों के बीच लाया जा सके। इसके अलावा मिनरल और माइनिंग इंडस्ट्री, उद्योग क्षेत्र में विदेशी कंपनी के साथ कोलैबोरेट, सामाजिक विकास के लिए प्राइवेट पब्लिक पार्टनरशिप विषयों पर चर्चा किया जाएगा।

### किसानों के मानसिक तनाव स्तर पर शोध

छत्तीसगढ़ में बीते कुछ सालों से किसान विभिन्न कारणों से आत्महत्या कर रहे, यह चिंता का विषय बना हुआ है। शोधकर्ता अर्चना पांडे ने बताया कि वे बीते 4 सालों से प्रदेश के किसानों पर साइकोलॉजी स्तर पर शोध कर रही हैं। सम्मेलन के दौरान कृषि क्षेत्र के जलवायु परिवर्तन, वित्तीय अस्थिरता और नीतिगत बदलावों से किसानों के मनोभाव व समस्या को बताएंगी। इस दौरान किसानों में चुनौतियों के कारण, किसानों में तनाव, चिंता और मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट स्तर को समझाया जाएगा। इससे बचाव के लिए मनोवैज्ञानिक और विकास की मानसिकता से किसानों को विभिन्न कठिनाइयों से प्रभावी ढंग से निपटने के अनेक उपायों पर जोर दिया जाएगा। शोधपत्र में खेती के मनोवैज्ञानिक पहलुओं और कृषि उत्पादकता जैसे प्रभावों को बताया जाएगा।

**सिटी इवेंट**

## नवाचार सोच से अकादमिक क्षेत्र और उद्यमिता के बीच की दूरी करना है कम



**रायपुर।** एनआईटी में शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य शिक्षाविदों और इनक्यूबेशन मैनेजरों में नवाचार-प्रेरित सोच को विकसित कर अकादमिक क्षेत्र और उद्यमिता के बीच की दूरी को कम करना है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य के विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभागी, शिक्षकों, इनक्यूबेशन प्रबंधक और स्टार्टअप संस्थापकों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने विशेषज्ञों द्वारा संचालित सत्रों में भाग लिया, जिनमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित नवाचार, रचनात्मकता, वित्त, व्यवसाय मॉडल और बौद्धिक संपदा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया।

### फैकल्टी डेवलपमेंट कार्यक्रम का समापन

समापन अवसर के मुख्य अतिथि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के एग्री-बिजनेस इनक्यूबेशन सेंटर के प्रमुख प्रो. हुलास पाठक रहे। जिन्होंने संबोधन में उद्यमिता शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। साथ ही शिक्षकों को इनक्यूबेशन संसाधनों का उपयोग कर छात्र-प्रेरित स्टार्टअप्स को समर्थन देने की बात कही, जिससे प्रभावशाली शोध और नवाचार को बढ़ावा मिलेगा। समारोह के दौरान प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए, साथ ही प्रश्नोत्तर सत्र में महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। समारोह की अध्यक्षता कॅरियर डेवलपमेंट सेंटर के प्रो. समीर बाजपेयी ने की।

## आरती बलदवा बताएंगी टैरो कार्ड का महत्व

रायपुर। तेलंगाना हैदराबाद की प्रसिद्ध टैरो कार्ड रीडर आरती बलदवा 25 मार्च को राजधानी में कार्यशाला के दौरान सदर बाजार स्थित भवन में दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक अपने अनुभव साझा करेंगी। इस दौरान सटीक और सार्थक रीडिंग प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए वे संबंधित व्यक्तियों को उनके जीवन में स्पष्टता और समझ हासिल करने में सहायता करेंगी। साथ ही दिशा चाहने वाले व्यक्तियों को मार्गदर्शन प्रदान करने के साथ ही अपनी रीडिंग के माध्यम से लोगों को सही निर्णय लेने और जीवन की यात्रा को आगे बढ़ाने में भी मदद की जाएगी। इसमें शामिल होने के लिए पूर्व में ही रजिस्ट्रेशन कराना होगा, जिसके लिए अनिता खंडेलवाल, सविता गुप्ता व कविता राठी को नियुक्त किया गया है। कार्यक्रम में तंबोला गेम भी खिलाया जाएगा।

## दांतों की सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक का मंचन दर्द को नजरअंदाज न करने का संदेश

**रायपुर।** शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय में विश्व मौखिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया, जिसमें बताया गया कि मौखिक स्वच्छता को बढ़ावा देने वाले अभ्यासों, संतुलित आहार और निवारक उपायों से जुड़ा होता है। इसे नजरअंदाज करने से दांतों में सड़न, मसूड़ों के रोग और अन्य गंभीर समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। स्वस्थ मौखिक स्वच्छता बनाए रखने के लिए नियमित दंत परीक्षण आवश्यक है, जिससे एक उज्ज्वल मुस्कान और बेहतर स्वास्थ्य सुनिश्चित किया जा सकता है। इस आयोजन की सफलता में डॉ. बीरेंद्र यादेर (प्राचार्य) के मार्गदर्शन में डॉ. मिलिंद वासनिक (विभागाध्यक्ष, सार्वजनिक स्वास्थ्य दंत चिकित्सा विभाग), डॉ. सोपान सिंह, डॉ. रामकृष्ण चेच्युरी, डॉ. अभिनव पारख उपस्थित रहे।



### अगले महीने स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन

*समारोह के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक, रैली, पोस्टर, रील्स, वीडियो एवं रंगोली प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके अलावा उपकेंद्र सेंट्रल जेल में स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किया गया, जहां लोगों को दांतों की सुरक्षा, मौखिक स्वच्छता और आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। आगामी माह में आंगनबाड़ी केंद्रों, अभनपुर उपकेंद्र और वृद्धाश्रमों में भी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक लोगों तक मौखिक स्वास्थ्य संबंधी सेवाएं पहुंचाई जा सकें।*

## आज घोषित होंगे अग्निवीर भर्ती के परिणाम,1 मई से शुरू होगी ट्रेनिंग

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में अग्निवीर भर्ती के परिणाम 22 मार्च को घोषित किए जाएंगे। परीक्षा में सफल अभ्यर्थी इस साल भारतीय सेना में अग्निवीर बनकर देश की सेवा करेंगे। अभ्यर्थी परिणाम देखने के लिए जॉइन इंडियन आर्मी की साइट https://www.joinindianarmy.nic.in/ का अवलोकन कर सकते हैं। परिणाम सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित किए जाएंगे। सभी सफल अभ्यर्थियों को 24 मार्च को सुबह 6.30 बजे सेना भर्ती कार्यालय रायपुर शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में प्रारंभिक ब्रीफिंग और डिस्पैच प्रलेखन के लिए उपस्थित होना आवश्यक है। इन सभी सफल अभ्यार्थियों की ट्रेनिंग 1 मई 2025 से अलग-अलग ट्रेनिंग सेंटर में शुरू की जाएगी। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के समाधान के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलिफोन नंबर 0771-2965212,0771-2965214 पर संपर्क किया जा सकता है।

ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया जारी भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए सेना भर्ती कार्यालय रायपुर द्वारा अधिसूचना जारी की गई है, जो भारतीय सेना की वेबसाइट ज्वाइन इंडियन आर्मी डॉट एनआईसी डॉट इन पर उपलब्ध है। इस वेबसाइट में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रकिया 12 मार्च से प्रारंभ की गई है, जो 10 अप्रैल तक खुली रहेगी। भारतीय सेना में चयन निष्पक्ष, पारदर्शी और केवल योग्यता के आधार पर होता है। दलालों से सावधान रहें। किसी भी अन्य जानकारी और समस्या के समाधान के लिए सेना भर्ती कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

**मोटिवेशनल स्पीकर्स संग जुटेंगे शार्क टैंक इंडिया के प्रमुख उद्यमी**

**कार्नर न्यूज**

# जुटेंगे देशभर के छात्र, साझा करेंगे बिजनेस आइडिया, निकालेंगे व्यावसायिक दिक्कतों का हल

**एनआईटी के ई-समिट की आज से शुरुआत होगी। छात्रों के विचारों को यहां मंच देने की कोशिश की जाएगी, जहां प्रसिद्ध वक्ता, स्टार्टअप संस्थापक और कॉर्पोरेट लीडर अपने अनुभव साझा करेंगे। 22 और 23 मार्च को आयोजित होने वाले ई-समिट में नवाचार, स्टार्टअप इकोसिस्टम और निवेश रणनीतियों पर केंद्रित सत्र होंगे।**



**रायपुर।** इस समिट के जरिए नए उद्यमियों, निवेशकों और उद्योग विशेषज्ञों को एक मंच पर लाया जाएगा। छात्रों को मार्गदर्शन देने और कनेक्ट करने का कार्य इसके माध्यम से किया जाएगा, जिससे भविष्य के इनोवेटर्स को बढ़ावा मिलेगा।

इस समिट में हैंड्स-ऑन वर्कशॉप्स और विशेषज्ञ पैनल चर्चाएं आयोजित की जाएंगी। इनमें ग्रोथ हैकिंग, प्रोडक्ट डेवलपमेंट, इन्वेस्टमेंट पिचिंग और कानूनी प्रक्रियाओं जैसे विषयों पर चर्चा होगी। चाय सुट्टा बार के सीईओ और सह-संस्थापक अनुराग दुबे, मैथ्सकेयर के संस्थापक गजेन्द्र पुरोहित, टेडेक्स स्पीकर देबोजीत सेन सहित शार्क टैंक इंडिया के कुछ प्रमुख उद्यमी भी इसमें शामिल होंगे। इनमें ईशा झावर, नीति सिंघल, तरनबीर और परमिंदर साहनी मुख्य हैं। इंटरेक्टिव सेशंस के माध्यम से प्रतिभागियों को मेंटर्स से सीधा संवाद करने और नेटवर्किंग का अवसर मिलेगा।

### बी-मॉडल सहित केस स्टडी

ई-समिट के अंतर्गत कई प्रतियोगिताएं होंगी। इसमें बी-मॉडल प्रतियोगिता प्रमुख है, जहां छात्र अपने नवाचारी बिजनेस आइडियाज प्रस्तुत करेंगे। ई-मुन में वैश्विक व्यापार चुनौतियों पर चर्चा की जाएगी। बी-केस स्टडी के अंतर्गत छात्र वास्तविक व्यावसायिक समस्याओं को हल करेंगे। क्रिकनोमेट्रिका में क्रिकेट और व्यापार का विश्लेषण किया जाएगा। बी-क्विज के तहत व्यापार ज्ञान और रणनीतिक सोच की परीक्षा ली जाएगी। इस बार, पहली बार सभी प्रतियोगिताएं अनस्टॉप प्लेटफॉर्म पर आयोजित की जा रही हैं, जिससे पूरे भारत के कॉलेजों के छात्र भाग ले सकते हैं।

### एक्सपो में होंगे 30 से अधिक स्टार्टअप्स

30 से अधिक स्टार्टअप्स इस एक्सपो में भाग लेंगे। यहां स्टार्टअप्स अपने आइडियाज प्रदर्शित कर सकते हैं। उद्यमी निवेशकों और उद्योग जगत के नेताओं से जुड़ सकेंगे। इसके अलावा व्यापार जगत के इच्छुक लोग फंडिंग और साझेदारी के अवसर तलाश सकते हैं। स्टार्टअप एक्सपो में बूथ्स, निवेशक वार्ता, लाइव पिचिंग सेशंस और नेटवर्किंग इवेंट होंगे, जिससे वास्तविक दुनिया के कनेक्शंस और विकास के अवसर मिलेंगे। सभी ब्रांच और सेमेस्टर के विद्यार्थी इसका हिस्सा बन सकेंगे।

## खबर संक्षेप

### मां मावली माता मंदिर में नवरात्रि की तैयारी

**तिल्दा नेवरा।** पुरानी बस्ती तिल्दा वार्ड क्रमांक 19 स्थित मां मावली माता मंदिर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की जा रही है। तेल ज्योति कलश 651रुपए, फुलवारी 1151 एवं आजीवन ज्योति कलश 17000 रुपए निर्धारित है, आजीवन सदस्यों का ज्योति कलश दोनों नवरात्रि में जलाए जाएंगे। नवरात्रि पर्व 30 मार्च से प्रारंभ होगा। मावली माता मंदिर में 29 मार्च को बिरही भिगोने का कार्यक्रम किया जाएगा।

### सरोरा में श्रीरामकथा व रूद्र महायज्ञ अप्रैल में

**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा के समीपस्थ ग्राम सरोरा में 14 अप्रैल से 18 अप्रैल तक श्री रामकथा एवं श्री रूद्र महायज्ञ, अखिल भारतीय आध्यात्मिक उत्थान मंडल, शाखा -सरोरा के द्वारा आयोजित किया जा रहा है। श्री रामकथा श्री रमण विहारी शरण जी महराज, श्रीधाम वृन्दावन सुनाएंगे। होंगे। श्री रूद्र महापज्ञ आचार्य श्री अजय मिश्रा और बनारस के वैदिक आचार्य होंगे। यज्ञ प्रतिदिन सुबह 07 बजे से 11 बजे तक व श्रीरामकथा प्रतिदिन 03 बजे से 07 तक होगा। कथा व यज्ञ की तैयारी शंकराचार्य पार्क, कईहा तालाब, सरोरा में गणेश पूजन के साथ शुरू हो गई है। उक्त जानकारी आयोजन समिति प्रमुख दाऊ डी.डी.अग्रवाल ने दी है। गोपाल साहू, रामजीवन यदु, राम भरोसा साहू, संतोष यदु, सुनील वर्मा, रणछोड़ तिवारी, सनत ठाकुर, मुकेश अग्रवाल, दिनेश तिवारी, मुकेश साहू, दादू महराज, तोरन साहू, मनी यदु, इतवारी पाल,कौशल साहू रेवा यदु व समस्त ग्रामवासी सक्रिय हैं।

# घरों में नहीं जला चूल्हा, शीतला माता को ठंडा भोग अर्पित करने लगा तांता

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित शीतला माता शक्तिपीठ में महिला उपासकों का तांता लगा रहा, जहां हर साल की तरह चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। सभी उपासक महिलाएं गुरुवार की रात पकाए गए व्यंजनों को थाली में सजाकर शीतला माता को भोग अर्पित करने के लिए भक्तिभाव से पहुंचीं। इसे देखते हुए हर साल की तरह मंदिर प्रबंधन ने व्यवस्था की थी। मंदिर के पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी ने माता को ठंडा भोग अर्पित करने के लिए पहुंचीं उपासक महिलाओं को परंपरागत रूप से विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने का अवसर दिया।

### आज भी निभाई जाएगी परंपरा

पीठाधीश्वर ने बताया कि शनिवार को अष्टमी तिथि है। इसके चलते जो महिलाएं माता को भोग नहीं चढ़ा पाई हैं, वे आज भी परंपराओं का निर्वहन करने के लिए आस्था केंद्र में आएंगी। इस साल भी अष्टमी की शाम 4 से 6 बजे के बीच भक्तों को प्रसाद स्वरूप माता को अर्पित किया गया मठा प्रसाद के रूप में बांटा जाएगा।



### इन तिथियों से जुड़ी है यह मान्यता

महाराज ने बताया कि चैत्र मास की पंचमी, सप्तमी और अष्टमी तिथि से जुड़ी मान्यता के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की उपासक महिलाओं द्वारा पालन किया जाता है। इन तिथियों पर भोग लगाने के लिए एक दिन पहले ही शाम को भोग प्रसादी तैयार करने के बाद उसे व्यवस्थित कर अगले दिन उस प्रसादी को शीतला माता को अर्पित करती हैं। इसे ही घर ले जाने के बाद बासी भोजन में मिलाने के बाद प्रसाद स्वरूप परिवार के लोग खाते हैं। जिस तिथि पर माता को भोग लगाया जाता है, उस दिन परिवार में चूल्हा नहीं जलाया जाता है।

## समस्या : जलस्रोत है बदहाल, पाइप लाइन में खराबी, कई क्षेत्रों में पानी आपूर्ति ठप

# ग्राम सांकरा में पेयजल के लिए हाहाकार मचा, शिकायत पर नहीं हो रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिलयारी

जनपद पंचायत धरसीवां के अंतर्गत ग्राम सांकरा में पानी की समस्या ने हाल के दिनों में गंभीर रूप ले लिया है, जिससे स्थानीय निवासियों को कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। यह समस्या केवल जल आपूर्ति की कमी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके पीछे कई जटिल कारण भी हैं, जैसे स्थानीय जल स्रोतों की अव्यवस्था, पाइपलाइन नेटवर्क में खराबी एवं गांव के कई हिस्सों में पानी की आपूर्ति में कमी आ रही है, जिससे ग्रामीणों को दैनिक जीवन में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। जल स्रोतों की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है जो जल स्रोत अभी भी सक्रिय हैं, वे भी प्रदूषण और अव्यवस्थाओं का शिकार हो गए हैं।

■ बूंद-बूंद पानी को तरस रहे है सांकरा के ग्रामीण

ग्रामीणों ने इस समस्या को लेकर स्थानीय प्रशासन से शिकायत की है और उपायों की मांग की है। लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि यदि जल्द ही कोई समाधान नहीं निकाला गया, तो यह समस्या और भी गंभीर रूप धारण कर सकती है।स्थानीय अधिकारियों ने स्थिति का जायजा लेने का आश्वासन दिया है और जल्द ही समाधान निकालने का प्रयास करने की बात कही है। उन्होंने यह भी कहा है कि यह योजना पाइपलाइन नेटवर्क को दुरुस्त करने, नए जल स्रोतों की पहचान करने और जल संरक्षण के उपायों को लागू करने पर केंद्रित होगी। हालांकि, ग्रामीणों का मानना है कि केवल आश्वासन देने से काम नहीं चलेगा। उन्हें ठोस कार्रवाई की आवश्यकता है, ताकि उनकी जल संकट की समस्या का समाधान किया जा सके। इसके लिए प्रशासन को एक ठोस समय सीमा निर्धारित करनी चाहिए और नियमित रूप से प्रगति की रिपोर्ट देनी चाहिए।



- फाईल फोटो

इस समस्या के समाधान के लिए सभी संबंधित विभागों को एक साथ मिलकर काम करने की आवश्यकता है। जल संसाधन विभाग, पंचायत और स्थानीय प्रशासन को मिलकर एक व्यापक योजना बनानी होगी, जिससे न केवल वर्तमान संकट का समाधान हो सके, बल्कि भविष्य में ऐसी समस्याओं से बचने के लिए स्थायी उपाय भी किए जा सकें। इस विषय पर अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए संबंधित विभाग से संपर्क किया जा सकता है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि प्रशासन इस गंभीर समस्या को गंभीरता से लेगा और जल्द ही उचित कदम उठाएगा, ताकि ग्राम सांकरा के निवासियों को स्वच्छ और पर्याप्त जल आपूर्ति मिल सके।

# उधारी नहीं देने पर चाकू दिखाया और धमकी दी आरोपी गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

प्रार्थी योगेन्द्र जांगडे ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि रात्रि करीब 09:00 बजे इसके दुकान के पास मोहल्ले का राकेश कुर्रे आया और इससे उधारी में सामान मांग रहा था जिसे प्रार्थी ने देने से मना किया तो राकेश कुर्रे ने प्रार्थी को मां बहन की गंदी गंदी गाली गलौज देने लगा तब प्रार्थी दुकान से बाहर आकर उसे बोला कि तुम मुझे गाली क्यों दे रहे हो, तो आरोपी ने कहा कि तुम मुझे उधारी में सामान नही दे रहे हो आज तुझे जान सहित खतम कर दूंगा कहकर धमकी देते हुये प्रार्थी के साथ हाथ मुक्का से मारपीट करने लगा और अपने जेब में रखा एक धारदार चाकू को निकालकर इसे दिखाकर तेरे को चाकू मारकर खतम कर दंगा की धमकी देकर डरा रहा था। मारपीट से प्रार्थी को होंठ, दोनो गाल, कंधा, गला के पास चोट लगा है। आरोपी राकेश कुर्रे पिता गणेशू उम्र 25 वर्ष वार्ड नंबर 15 तिल्दा निवासी को हिरासत में लेकर उससे घटना में प्रयुक्त प्रतिबंधित हथियार चाकू धारदार को जप्त किया गया तथा आरोपी के खिलाफ धारा 296,115 (2),351,(2) बीएनएस , व 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत ज्यूडिशियल रिमाण्ड हेतु न्यायालय रवाना किया गया।

# भगवान झूलेलाल की 12 हजार मूर्तियां तैयार समाजजन घर ले जाकर करेंगे स्थापित

**रायपुर।** इस साल भी सिंधी समाजजनों ने चेट्रीचंड्र महोत्सव भव्य तरीके से मनाने की तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार को दोपहर 12 बजे से अलग-अलग केंद्रों से जहां 10 हजार मूर्तियों का निशुल्क वितरण प्रभारी अमित मूलचंदानी के मार्गदर्शन में शुरू होगा। वहीं लगातार 13वें साल भी दो हजार मूर्तियों को मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में निवासरत समाजजनों को स्थापना से पहले भेजने की तैयारी है। दोपहर 12 बजे से जहां मूर्तियों का वितरण शुरू होगा। वहीं शाम को शहीद स्मारक भवन सभागार में शाम 6 से 9 बजे के बीच सिंधी संस्कृति एवं हास्य से भरपूर नाटक सिंधियत जी खुशबू की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### हिंद स्पोर्टिंग मैदान से निकलेगा जुलूस

इस कड़ी में 30 मार्च को चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति द्वारा चेट्रीचंड्र के अवसर पर शाम 4 बजे हिंद स्पोर्टिंग ग्राउंड लाखेनगर से धूमधाम से जुलूस निकाला जाएगा। शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड से होते हुए कोतवाली चौक पहुंचने पर इसका समापन किया जाएगा। वहीं 31 मार्च की शाम पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक आयोजन की श्रृंखला सजाई जाएगी।

### 'सिंधियत जी खुशबू' का मंचन आज




### 26 को घरों में मूर्ति स्थापना


महाराज सिंधु मंडल के अध्यक्ष पं. सोनू शर्मा ने बताया कि 26 मार्च को आराध्य देव भगवान झूलेलाल की स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6.26 से 9.29 तक और 11.01 से 12.33 दोपहर तक किया जा सकेगा। इसके बाद अपरान्ह 3.36 से शाम 6.39 बजे तक और रात 8.07 से 12.32 बजे तक भगवान की मूर्ति स्थापित की जा सकेगी। इस बार भी प्रदेश के 10 हजार परिवारों द्वारा आराध्य देव की भक्तिभाव से आराधना की जाएगी। सिंधु एकता संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, संयोजक रमेश मिरघानी ने बताया कि 31 मार्च को मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा।

### ओएमजे की टीम देगी प्रस्तुति

पिछले साल की गई एक पहल और सिंधी नाट्य प्रस्तुति ओ मुहिंजा झूलेलाल (ओएमजे) की अपार सफलता के बाद इस साल भी ओ मुहिंजा झूलेलाल की टीम द्वारा सिंधी हास्य नाट्य की प्रस्तुति दी जाएगी। अध्यक्ष सुशील लालवानी और प्रवक्ता गौरव मंधानी ने बताया कि सिंधु एकता संघ द्वारा लगातार 13वें साल भी साईं लालदास की प्रेरणा, संत युधिष्ठिर लाल और अम्मा मीरादेवी के सानिध्य में पांच दिवसीय झूलेलाल उत्सव मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत 25 मार्च तक मूर्तियों को पंजीयन स्थलों से वितरित करने का सिलसिला जारी रहेगा।

## प्रकृति के संग ममत्व की कलाकृति ....





**रायपुर।** राजधानी के टैगोर नगर स्थित डिवायर पर प्रदर्शित प्रेम, शिक्षा, खेल और प्रकृति से जुड़ी मां और शिशु के ममत्व की कलाकृतियां दर्शकों को आकर्षित कर रही हैं। इन कलाकृतियों में शिक्षा और खेल के महत्व को उजागर किया गया है। ये कलाकृतियां लोगों को इन क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं।



# घुमंतू पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करेगा जैन समाज

**रायपुर।** भगवान महावीर स्वामी का 2624वें जन्मकल्याणक महोत्सव का आयोजन 23 मार्च से जैन दादाबाड़ी मंदिर में होगा। जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद ने बताया कि उत्सव में पक्षियों के लिए आधुनिक दाना फीडर, पानी फीडर एवं प्लास्टिक सकोरे का वितरण किया जा रहा है, जिसे घर की छत पर या बाल्कनी में आसानी से रखा व टांगा जा सकता है। इसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के साथ पक्षियों के दाना-पानी देना है, ताकि गर्मी के मौसम में पक्षियों को भोजन की तलाश में अधिक समस्या का सामना न करना पड़े। 25 मार्च से सार्वजनिक पशु आहार गोशाला में घुमंतू पशुओं के लिए हरी सब्जियां व चारा वितरण का आयोजन किया गया है, यह जन्मकल्याणक महोत्सव 10 अप्रैल तक मनाया जाएगा, जिसमें रोजाना अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगे।



### 100 से अधिक फीडर की सुविधा

खास अवसर पर जैन परिवार के सदस्यों द्वारा सैकड़ों घुमंतू पशुओं के लिए सुबह 6 से 9 बजे तक चारे की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही पक्षियों के लिए 100 से अधिक फीडर की सुविधा भी दी जाएगी। जन्मकल्याणक महोत्सव के दौरान शहर के जीव-जंतुओं के लिए विशेष रूप से कार्य किया जाएगा, जिसमें उनके स्वास्थ्य, चारा और स्थानों को बेहतर बनाने की व्यवस्था पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्टी राजेश सिंघी, डॉ. योगेश बंगानी, नीलेश गोलेछा, टीकम जैन, संतोष बैद, महासचिव महेंद्र कोचर शामिल होंगे।

## संगठन को मजबूत करने कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को दिए गए सुझाव

# पार्टी को मजबूत बनाना हमारा मुख्य उद्देश्य : विजय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

सद्भावना कुटी अभनपुर में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ताओं की बैठक में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव व छत्तीसगढ़ सह प्रभारी विजय जांगिड़ एवं पूर्व विधायक व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष धनेन्द्र साहू संगठन को मजबूत करने उपस्थित कार्यकर्ताओ को सुझाव दिए गए। इस अवसर पर प्रदेश सह प्रभारी विजय जांगिड़ ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते कहा कि पार्टी को मजबूत बनाना हमारा उद्देश्य है, जिला कांग्रेस कमेटी मजबूत बने ऐसी कार्य योजना बनाने के लिए पार्टी से निर्देश प्राप्त हुए है, आने वाले समय में पदाधिकारियो का चुनाव उस व्यक्ति की सामान्य छवि व उसकी समाज में पकड़ कितनी है, कार्यकर्ताओं के सुख- दुख में सहयोग करता है कि नहीं, सबको साथ लेकर चलने का सामर्थ है कि नहीं ऐसे व्यक्ति का ही ब्लॉक एवं जिले स्तर का कांग्रेस पार्टी का पदाधिकारी होगा, भारतीय कांग्रेस कमेटी ने तय किया है कि जोन स्तर में मंडल बनाए जाएगा संगठन को और अधिक मजबूत करने का लगातार प्रयास किया जा रहा है लेकिन विगत डेढ़ वर्ष से बीच-बीच मे चुनाव के चलते काम को गति नहीं दे पा रहे है जिस तरह स्कूलों में नए बैच आगे बढ़ते रहते है उसी तरह राजनीति मे भी नए लोगों को जोड़ना और उनको आगे बढ़ाने का काम पार्टी द्वारा किया जा रहा है। हमारे दृष्टिकोण से हर छोटा से छोटा कार्यकर्ता नेता ही माना जाता है चाहे वह अपने मोहल्ले का नेतृत्व करें अथवा गांव का, मेरा मानना है कि गांव का नेता ही नींव का पत्थर है, सरकारे आप से ही बनती है, आप लोगों के सहयोग के बिना कोई भी राजनीतिक दल जनप्रतिनिधि नहीं बना पाता।



### पंक्ति के अंत में खड़े व्यक्ति को सम्मान दिलवाने का कार्य कर रही कांग्रेस

इस अवसर पर उन्होने कहा कि हमारे राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी जी किसी जाति पाति के खिलाफ नहीं है वह समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़ा व्यक्ति को मजबूत स्थिती में देखना चाहते है, आजादी के 70 साल भी समाज में एक सबसे बड़ा तबका ऐसा है जो चुनाव तो नहीं जीत सकता किंतु उसकी उपस्थिती कश्मीर से कन्याकुमारी तक है अगर हक व भागीदारी के बारे में समाज मे बराबरी पर कैसे लाये, उनको सम्मान कैसे दिलवाए ऐसे लोगों को चिन्हित करने का काम केवल कांग्रेस पार्टी द्वारा ही किया जा रहा है। इस दौरान रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष उधोराम वर्मा, प्रदेश सचिव प्रवीण साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ब्रम्हानंद साहू, नपां. अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे, उपाध्यक्ष बलविंदर गांधी, पार्षद रानू राठी, नीलकमल गिलहरे, दीक्षा राठी, बीरेन्द्र सिन्हा, पार्थ वैष्णव, राजू शर्मा, दानी राम साहू, चंन्द्रहास साहू, जीतसिंग गांधी, सुनील कौशल, भोला सोनवानी, गिरधारी साहू, देवनंदनी साहू, शीला कलड़ा, नीमा निम्बेकर, धनराज मध्यानी, सुशील शर्मा, दीपाली राजपूत आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सीमेंट संयंत्र बैकुंठ ने किया निशुल्क स्वास्थय शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

वर्तमान परिदृश्य में असमय जलवायु परिवर्तन प्रदूषित वातावरण,भागदौड़ भरे जीवन और अव्यवस्थित दिनचर्या में नित्य अपने कार्य में निरत रहने वाले वाहन चालक बंधुओं को अपने स्वास्थ्य जांच हेतु समय नहीं मिल पाता। या जब समय रहता है तो घर परिवार आदि में समय व्यतीत हो जाता है, इसलिए अल्ट्राटेक सीमेंट बैकुंठ के लॉजिस्टिक्स विभाग द्वारा निः शुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा संयंत्र में आने वाले नियमित एवं प्रत्येक नए वाहन चालक हेतु उपलब्ध कराई जा रही है , चालकों को समय रहते अपने स्वास्थ्य की स्थिति का पता चल सके और आवश्यकता पड़ने पर समय पर उसकी चिकित्सा भी की जा सके। इस पूरी प्रक्रिया से मटेरियल डिस्पैच में किसी प्रकार का कोई व्यवधान या विलंब नहीं हो रहा है और सभी वाहन चालकों द्वारा इसकी सराहना भी की जा रही है।



आराधना

# घरों में नहीं जले चूल्हे, शीतला माता को ठंडा भोग अर्पित करने लगा तांता



**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित शीतला माता शक्तिपीठ में महिला उपासकों का तांता लगा रहा, जहां हर साल की तरह चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पर सुबह से ही भक्तों की भीड़ रही। सभी उपासक महिलाएं गुरुवार की रात पकाए गए व्यंजनों को थाली में सजाकर शीतला माता को भोग अर्पित करने के लिए भक्तिभाव से पहुंचीं। इसे देखते हुए हर साल की तरह मंदिर प्रबंधन ने व्यवस्था की थी। मंदिर के पीठाधीश्वर महाराज नीरज सैनी ने माता को ठंडा भोग अर्पित करने के लिए पहुंचीं उपासक महिलाओं को परंपरागत रूप से विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने का अवसर दिया।

### आज भी निभाई जाएगी परंपरा

पीठाधीश्वर ने बताया कि शनिवार को अष्टमी तिथि है। इसके चलते जो महिलाएं माता को भोग नहीं चढ़ा पाई हैं, वे आज भी परंपराओं का निर्वहन करने के लिए आस्था केंद्र में आएंगी। इस साल भी अष्टमी की शाम 4 से 6 बजे के बीच भक्तों को प्रसाद स्वरूप माता को अर्पित किया गया मठा प्रसाद के रूप में बांटा जाएगा।

### इन तिथियों से जुड़ी है यह मान्यता

महाराज ने बताया कि चैत्र मास की पंचमी, सप्तमी और अष्टमी तिथि से जुड़ी मान्यता के तहत शहरी और ग्रामीण क्षेत्र की उपासक महिलाओं द्वारा पालन किया जाता है। इन तिथियों पर भोग लगाने के लिए एक दिन पहले ही शाम को भोग प्रसादी तैयार करने के बाद उसे व्यवस्थित कर अगले दिन उस प्रसादी को शीतला माता को अर्पित करती हैं। इसे ही घर ले जाने के बाद बासी भोजन में मिलाने के बाद प्रसाद स्वरूप परिवार के लोग खाते हैं। जिस तिथि पर माता को भोग लगाया जाता है, उस दिन परिवार में चूल्हा नहीं जलाया जाता है।

● मंदिरों में महाप्रसादी बनाने में तैयारी हुई शुरू, अनेक स्थानों में होंगे उत्सव

# श्रीराम जन्मोत्सव से पहले मंदिरों में शुरू हुआ रंगरोगन, महाप्रसादी में 11 क्विंटल मालपुआ

" रामनवमी से पहले शहर के प्रमुख मंदिरों में तैयारी जोर-शोर से शुरू हो गई है। प्रत्येक वर्ष की तुलना में इस साल अनेक स्थानों पर श्रीराम जन्मोत्सव की धूम देखने को मिलेगी। शहर स्थित प्राचीन व ऐतिहासिक मंदिरों में रंगरोगन और महाप्रसादी तैयार करने की प्रक्रिया जारी है। जैतूसाव मठ परिसर में बड़ी संख्या में मालपुआ की महाप्रसादी तैयार की जा रही है, जिसे रामनवमी के दूसरे दिन श्रद्धालुओं को वितरण किया जाता है।

रंगरोगन के साथ तैयारी शुरू



### भव्य आयोजन की शुरुआत

जैतूसाव मठ के पुजारी सुमित तिवारी ने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव के खास अवसर पर विशेष मालपुआ का भोग लगाया जाता है। इस वर्ष 11 क्विंटल मालपुआ तैयार किया जा रहा है, जो जन्मोत्सव के दूसरे दिन महाप्रसादी में रामभक्तों को दिया जाएगा। मठ परिसर में दोपहर 12 बजे श्रीराम जन्मोत्सव मनाया जाएगा, इस दौरान स्वर्ण श्रृंगार विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा।



*मठपुरैना स्थित दूधाधारी मठ में रंगरोगन कार्य शुरू हो गया है, रामनवमी से पहले चमकदार लाइट, फूल और ध्वज से प्रांगण को सजाया जाएगा। राजभोग के साथ प्राचीन, सालों पुराना स्वर्ण श्रृंगार श्रद्धालुओं को देखने मिलेगा। मंदिर ट्रस्ट के सदस्य राम छवि ने बताया कि साल में केवल तीन बार स्वर्ण श्रृंगार किया जाता है, विशेष पर्व के लिए नवीन पोशाक भी तैयार की जा रही है। इस दिन अमलीडीह से भजन मंडली को आमंत्रित किया गया है।*

**रायपुर।** इस वर्ष रामनवमी की धूम नवरात्रि के प्रथम दिन से ही देखने को मिलेगी, शुभ अवसर पर अनेक हनुमान व राम मंदिरों में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान रोजाना संध्या आरती के बाद भजन मंडली की प्रस्तुति दी जाएगी। चैत्र मास के शुक्लपक्ष की नवमी तिथि 6 अप्रैल को मंगलकारी सुयोग में प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर भव्य पूजन, फूलों की वर्षा, स्वर्ण-चांदी के आभूषणों से श्रृंगार मंदिर में आकर्षण का केंद्र रहेगा। इस दौरान सुबह से देर रात तक मंदिरों के कपाट भक्तों के लिए खुले रहेंगे।

### अखण्ड रामायण पाठ की शुरुआत

*पुरानी बस्ती स्थित बावली वाले हनुमान मंदिर, महादेवघाट स्थित श्रीराम मंदिर और सालासर बालाजी प्राचीन मंदिर में पूजन तथा महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं की लंबी कतार भगवान के दर्शनमात्र के लिए यहां देखने को मिलती है, सालासर बालाजी मंदिर में अखण्ड रामायण पाठ नवरात्रि के अंतिम दिनों से ही शुरू होगा।*

### इस्कॉन मंदिर में 56 भोग की प्रसादी



रामनवमी के अवसर पर इस्कॉन मंदिर में महा-महोत्सव का आयोजन किया गया है। समारोह की शुरुआत सुबह 10 बजे हरिनाम संकीर्तन यज्ञ से होगी। इसके बाद महाभिषेक, दोपहर 12 बजे 56 भोग प्रसादी, राजभोग महाआरती और दोपहर 1 बजे भोग-भंडारा का आयोजन किया गया है। खास अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा भजन कीर्तन की प्रस्तुति भी की जाएगी।

### मंदिरों में भोग भंडारा की तैयारी

बूढ़ातालाब स्थित संकटमोचन हनुमान मंदिर के महंत राजेश शर्मा ने बताया कि रामनवमी के उपलक्ष्य पर नवरात्रि के प्रथम दिन से ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। श्रीराम जन्मोत्सव की भव्य तैयारी की गई है, जिमसें महाप्रसादी, पूजन, हवन और भजन संध्या का आयोजन भी किया जा रहा है।

### मंदिर प्रांगण में रामभक्त करेंगे आतिशबाजी

एकलव्य भवन स्थित राम मंदिर में जन्मोत्सव से पहले खास तैयारी शुरू हो गई है, जिसमें श्रीराम की पोशाक, भोग और मंदिर के रंगरोगन का कार्य शुरू है। नवीन वस्त्रों में तैयार भगवान की प्रतिमा स्वर्ण आभूषणों से सजाई जाएगी। इसमें संध्या महाआरती के पश्चात 15-20 व्यक्तियों की टीम आतिशबाजी से शक्ति का प्रदर्शन करेंगी।

समाज लाइव

# घुमंतू पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करेगा जैन समाज





**रायपुर।** भगवान महावीर स्वामी का 2624वें जन्मकल्याणक महोत्सव का आयोजन 23 मार्च से जैन दादाबाड़ी मंदिर में होगा। जन्मकल्याणक महोत्सव के अवसर पर श्री सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद ने बताया कि उत्सव में पक्षियों के लिए आधुनिक दाना फीडर, पानी फीडर एवं प्लास्टिक सकोरे का वितरण किया जा रहा है, जिसे घर की छत पर या बाल्कनी में आसानी से रखा व टांगा जा सकता है। इसका मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के साथ पक्षियों के दाना-पानी देना है, ताकि गर्मी के मौसम में पक्षियों को भोजन की तलाश में अधिक समस्या का सामना न करना पड़े। 25 मार्च से सार्वजनिक पशु आहार गोशाला में घुमंतू पशुओं के लिए हरी सब्जियां व चारा वितरण का आयोजन किया गया है, यह जन्मकल्याणक महोत्सव 10 अप्रैल तक मनाया जाएगा, जिसमें रोजाना अनेक सामाजिक कार्य किए जाएंगे।

### 100 से अधिक फीडर की सुविधा

खास अवसर पर जैन परिवार के सदस्यों द्वारा सैकड़ों घुमंतू पशुओं के लिए सुबह 6 से 9 बजे तक चारे की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही पक्षियों के लिए 100 से अधिक फीडर की सुविधा भी दी जाएगी। जन्मकल्याणक महोत्सव के दौरान शहर के जीव-जंतुओं के लिए विशेष रूप से कार्य किया जाएगा, जिसमें उनके स्वास्थ्य, चारा और स्थानों को बेहतर बनाने की व्यवस्था पर जोर दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान ट्रस्टी राजेश सिंघी, डॉ. योगेश बंगानी, नीलेश गोलेछा, टीकम जैन, संतोष बैद, महासचिव महेंद्र कोचर शामिल होंगे।

## प्रकृति के संग ममत्व की कलाकृति ....





**रायपुर।** राजधानी के टैगोर नगर स्थित डिवायर पर प्रदर्शित प्रेम, शिक्षा, खेल और प्रकृति से जुड़ी मां और शिशु के ममत्व की कलाकृतियां दर्शकों को आकर्षित कर रही हैं। इन कलाकृतियों में शिक्षा और खेल के महत्व को उजागर किया गया है। ये कलाकृतियां लोगों को इन क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं।



# भगवान झूलेलाल की 12 हजार मूर्तियां तैयार समाजजन घर ले जाकर करेंगे स्थापित

**रायपुर।** इस साल भी सिंधी समाजजनों ने चेट्रीचंड्र महोत्सव भव्य तरीके से मनाने की तैयारी शुरू कर दी है। शनिवार को दोपहर 12 बजे से अलग-अलग केंद्रों से जहां 10 हजार मूर्तियों का निशुल्क वितरण प्रभारी अमित मूलचंदानी के मार्गदर्शन में शुरू होगा। वहीं लगातार 13वें साल भी दो हजार मूर्तियों को मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र में निवासरत समाजजनों को स्थापना से पहले भेजने की तैयारी है। दोपहर 12 बजे से जहां मूर्तियों का वितरण शुरू होगा। वहीं शाम को शहीद स्मारक भवन सभागार में शाम 6 से 9 बजे के बीच सिंधी संस्कृति एवं हास्य से भरपूर नाटक सिंधियत जी खुशबू की प्रस्तुति भी दी जाएगी।

### हिंद स्पोर्टिंग मैदान से निकलेगा जुलूस

इस कड़ी में 30 मार्च को चेट्रीचंड्र महोत्सव समिति द्वारा चेट्रीचंड्र के अवसर पर शाम 4 बजे हिंद स्पोर्टिंग ग्राउंड लाखेनगर से धूमधाम से जुलूस निकाला जाएगा। शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड से होते हुए कोतवाली चौक पहुंचने पर इसका समापन किया जाएगा। वहीं 31 मार्च की शाम पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक आयोजन की श्रृंखला सजाई जाएगी।

### 'सिंधियत जी खुशबू' का मंचन आज



### 26 को घरों में मूर्ति स्थापना

महाराज सिंधु मंडल के अध्यक्ष पं. सोनू शर्मा ने बताया कि 26 मार्च को आराध्य देव भगवान झूलेलाल की स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6.26 से 9.29 तक और 11.01 से 12.33 दोपहर तक किया जा सकेगा। इसके बाद अपरान्ह 3.36 से शाम 6.39 बजे तक और रात 8.07 से 12.32 बजे तक भगवान की मूर्ति स्थापित की जा सकेगी। इस बार भी प्रदेश के 10 हजार परिवारों द्वारा आराध्य देव की भक्तिभाव से आराधना की जाएगी। सिंधु एकता संघ के संस्थापक सुभाष बजाज, संयोजक रमेश मिरघानी ने बताया कि 31 मार्च को मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा।

### ओएमजे की टीम देगी प्रस्तुति

पिछले साल की गई एक पहल और सिंधी नाट्य प्रस्तुति ओ मुहिंजा झूलेलाल (ओएमजे) की अपार सफलता के बाद इस साल भी ओ मुहिंजा झूलेलाल की टीम द्वारा सिंधी हास्य नाट्य की प्रस्तुति दी जाएगी। अध्यक्ष सुशील लालवानी और प्रवक्ता गौरव मंधानी ने बताया कि सिंधु एकता संघ द्वारा लगातार 13वें साल भी साईं लालदास की प्रेरणा, संत युधिष्ठिर लाल और अम्मा मीरादेवी के सानिध्य में पांच दिवसीय झूलेलाल उत्सव मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत 25 मार्च तक मूर्तियों को पंजीयन स्थलों से वितरित करने का सिलसिला जारी रहेगा।

टेक्नोवेट 6.0, टेक्नो कल्चर फेस्ट की शुरुआत

# संगीत-नृत्य कला में रंगे स्टूडेंट्स



**रायपुर।** आईआईआईटी में तीन दिवसीय 'टेक्नोवेट 6.0, टेक्नो कल्चर फेस्ट' का भव्य शुभारंभ किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पढ़ाई के साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। वार्षिकोत्सव का आयोजन सांस्कृतिक विभाग द्वारा किया गया है।

कार्यक्रम की शुरुआत वन्यजीव संरक्षण और सामाजिक जागरूकता पर नुक्कड़ नाटक के साथ की गई, जिसमें सामूहिक रूप से छात्रों ने प्रस्तुति दी। शानदार प्रस्तुति के साथ संगीत, नृत्य, गायन एवं शोध परियोजना की शुरुआत की गई, जिसमें सौ से अधिक छात्रों ने हिस्सा लिया। - वार्षिकोत्सव में लाइव कॉन्सर्ट ने दर्शकों के बीच समां बांधा। लगातार शानदार गानों के प्रस्तुति से दर्शकों में उत्साह देखा गया। इस दौरान एकल गायन की प्रस्तुति भी दी गई, जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहा। टेक्नो कल्चर फेस्ट का इंतजार विद्यार्थी सालभर करते हैं, जिसमें वे अपनी रुचि के अनुकूल कार्य कर पढ़ाई का तनाव कम करते हैं। उत्सव में चिकित्सा संबंधित जानकारी, मनोरंजन और हास्य से भरपूर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

### बॉलीवुड गानों पर थिरके छात्र

गायन प्रतियोगिता की शुरुआत बॉलीवुड रोमांटिक गाने के साथ हुई, जिसमें तू है तो दिल धड़कता है...सुन रहा है ना तू...सनम तेरी कसम...जैसे अनेक सुपरहिट गाने गुनगुनाए गए। वहीं सामूहिक प्रस्तुति में मनोरंजन के भरपूर गीतों की प्रस्तति दी गई, जिसमें छात्र समूह में झूमते नजर आए। प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाने तालियों से उनका स्वागत किया गया, जिसमें सभी ने एक से बढ़कर एक पांरपरिक गानों पर भी प्रस्तुति दी।

### फेफड़ों की गंभीर बीमारी पर शोध परियोजना

शोध परियोजना में क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) फेफड़ों की गंभीर बीमारी के संदर्भ में आयोजित की गई, वर्तमान में यह बीमारी दुनियाभर में लाखों लोगों को प्रभावित कर रही है। शोध परियोजना के अंतर्गत मरीजों के बेहतर इलाज और निदान पर चर्चा की गई, जिसमें नवीन उपकरणों से सस्ते दामों में इलाज को प्राथमिकता दी गई है। वार्षिकोत्सव में शोधकर्ता फेफड़ों से संबंधित रोगों पर एआई-संचालित समाधान को प्रस्तुत करेंगे, जिससे नवीन प्रणाली से कम समय में ही इलाज संभव होगा।




गायत्री सुनील चंद्राकर
लो. स्वा. खाद्य एवं स्वच्छता विभाग
सुमन अशोक पाण्डेय
विद्युत एवं अभियांत्रिकीय विभाग
भोला साहू
पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग
दीपक जायसवाल
लोक निर्माण विभाग
मनोज वर्मा
नगरीय नियोजन एवं भवन अनुज्ञा विभाग
सरिता आकाश दुबे
महिला एवं बाल विकास विभाग
संजना हियाल
अनु. जाति व अनु. जनजाति कल्याण विभाग
अवतार भारती बागल
राजस्व विभाग
खेम कुमार सेन
शहरी गरीबी उपशमन एवं समाज कल्याण विभाग
अनामिका सिंह
सामान्य प्रशासन एवं विधि विधायी कार्य विभाग
नंद किशोर साहू
खेल एवं युवा कल्याण विभाग
संतोष साहू
जल कार्य विभाग
महेन्द्र खोड़ियार
वित्त लेखा एवं अंकेक्षण विभाग
अमर गिदवानी
संस्कृति, पर्यटन, मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग
ठेकेदार संघ नगर निगम रायपुर
की ओर से महापौर
श्रीमती मीनल चौबे जी
एवं सभापति
श्री सूर्यकांत राठौड जी
को उनके परिषद के
सदस्यों सहित
बहुत-बहुत बधाई एवं
शुभकामनाएं...
श्रीमती मीनल चौबे
महापौर नगर पालिक निगम रायपुर.
श्री सूर्यकांत राठौड़
सभापति, नगर निगम रायपुर
निरंजन शर्मा
कोषाध्यक्ष
खूबी चंद्राकर
उपाध्यक्ष
दुर्गेश सिंह
(अध्यक्ष ठेकेदार संघ नगर निगम, रायपुर)
ओम राठौड़
उपाध्यक्ष
वरुण साहू
महासचिव
मनोज जादवानी
केंद्रीय समिति
निखिल पंड्या
केंद्रीय समिति
खोम लाल साहू
केंद्रीय समिति
ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर
केंद्रीय समिति
नरेंद्र सिंह भदौरिया
केंद्रीय समिति
संजय अवस्थी
जोन अध्यक्ष 1
हार्दिक पिथालिया
जोन अध्यक्ष 2
अनुराग साहू
जोन अध्यक्ष 3
अजीत सेनापति
जोन अध्यक्ष 4
भरत सिंह ठाकुर
जोन अध्यक्ष 5
प्रवीण दीक्षित
जोन अध्यक्ष 6
ज्ञानेश सिंह ठाकुर
जोन अध्यक्ष 8
राम सोनी
जोन अध्यक्ष 9
राजकुमार यादव
जोन अध्यक्ष 10
पिताम्बर चौधरी
ठेकेदार

# अल्पसंख्यक विद्यालयों में परिवर्तित होने वाले संस्थानों को आरटीई राशि नहीं, अधर में छात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शुरुआत में सामान्य स्कूल के रूप में संबद्धता लेने वाले लेकिन बाद में अल्पसंख्यक विद्यालय में परिवर्तित होने वाले निजी विद्यालयों के समक्ष अब नई तरह की समस्या सामने आ गई है। निजी स्कूलों की इस समस्या का खामियाजा अब गरीब छात्रों को भुगतना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि अल्पसंख्यक स्कूलों में शिक्षा का अधिकार कानून लागू नहीं होता लेकिन प्रदेश में ऐसे बहुत से स्कूल हैं जो शुरू सामान्य स्कूल के रूप में हुए, लेकिन अब वह अल्पसंख्यक स्कूलों की मान्यता प्राप्त कर चुके हैं। जब ये विद्यालय सामान्य स्कूल के रूप में संबद्ध थे, उस वक्त यहां शिक्षा के अधिकार के तहत छात्रों को प्रवेश दिया गया था। शिक्षा के अधिकार कानून के तहत ये विद्यार्थी अब भी अध्यनरत हैं।

चूंकि इन विद्यालयों का स्वरूप अब बदल गया है, इसलिए इन स्कूलों के नाम आरटीई पोर्टल से हटा दिए गए हैं। आरटीई पोर्टल से नाम हटाए जाने के साथ ही इन स्कूलों में पूर्व में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों की प्रतिपूर्ति राशि भी नहीं मिल पा रही है। पूर्व में सामान्य लेकिन अब अल्पसंख्यक विद्यालय हो चुके कई संस्थानों द्वारा छात्रों को स्थानांतरण प्रमाणपत्र लेकर कहीं अन्य प्रवेश लेने भी कहा जा रहा है।

## अल्पसंख्यक विद्यालयों में लागू नहीं होता शिक्षा का अधिकार कानून

### हुई थी शिकायत

आरटीई राशि नहीं मिलने के कारण कुछ स्कूलों ने पूर्व प्रवेशित आरटीई के विद्यार्थियों को पढ़ाने से मना कर दिया था। इसकी शिकायत विभिन्न स्तर पर की गई थी। निजी स्कूलों ने अब पूरे मामले को लेकर शासन को खत लिखा है। उनका कहना है कि ऐसे स्कूलों में अध्यनरत विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए इस बाबत नीतिगत निर्णय शासन स्तर पर किए जाने की आवश्यकता है। यदि स्कूलों द्वारा अगर पूर्व से अध्यनरत विद्यार्थियों को अध्यापन से हटाया जाता है तो इन विद्यार्थियों की पढ़ाई का नुकसान होगा। ऐसे में इन विद्यालयों को आरटीई राशि प्रदान की जाए।




### 50413 सीट के लिए 48401 आवेदन

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। 33 जिलों के अंतर्गत 6746 स्कूलों के 50 हजार 413 सीटों पर प्रवेश प्रदान किए जाएंगे। 21 मार्च तक इसके लिए विभाग को 48 हजार 401 आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। आवेदन संबंधित पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से भरे जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान

**रायपुर।** ग्राम पंचायत उपरवारा अभनपुर में प्रजापिता ब्रह्माकुमारी बहनों बीके सविता, बीके रामेश्वरी द्वारा नवनिर्वाचित पंचायत प्रतिनिधियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें ब्रह्माकुमारी बहनों द्वारा राजयोग अनुभूति के विषय में बताया गया। समारोह में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य संतराम साहू, सरपंच हेमा तुलाराम पंडेल, उप सरपंच जगमोहन साहू, साहू समाज उपरवारा के सचिव भागीरथी साहू, कोषाध्यक्ष व पंच प्रेमलाल साहू, दीनू साहू, अधिवक्ता लोकेंद्र कुमार साहू, रोमेंद्र साहू, शिवम साहू, जयप्रकाश देवांगन, शरद साहू, दीपेश साहू एवं समस्त पंच एवं ग्रामवासी मौजूद रहे।

### देवांगन समाज के प्रदेश युवा अध्यक्ष बने लक्ष्मी नारायण



**रायपुर।** देवांगन समाज के प्रदेश अध्यक्ष डॉ ओमप्रकाश देवांगन और सहसचिव भीखम देवांगन की मौजूदगी मे समाज के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से समाज के युवा सदस्य लक्ष्मी नारायण देवांगन को प्रदेश युवा अध्यक्ष बनाया है। प्रदेश युवा अध्यक्ष बनने पर लक्ष्मी नारायण देवांगन का सम्मान किया गया। साथ ही समाज के उत्थान में भागीदारी देना पहली प्राथमिकता होगी। आने वाले समय में प्रदेशभर में जिलेवार बैठक करके युवाओं की नई कार्यकारिणी में युवाओं की टीम तैयार की जाएगी। साथ ही समाज के लिए बेहतर काम करने वाले युवाओं को आगे लाया जाएगा। इस अवसर पर राजनांदगांव के अंकित देवांगन को प्रदेश युवा सचिव और बिरगांव के डोमेश देवांगन को युवा कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

## खारुन तट पर स्थित आस्था के केंद्र हाटकेश्वर नाथ धाम को पर्यटन क्षेत्र बनाने की प्लानिंग

# महाकाल की तरह कॉरिडोर बनेगा महादेव घाट, 10 करोड़ में होगा पहले फेज का काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

मुख्यमंत्री नगरोत्थान योजना के तहत शहर के खारुन तट पर स्थित प्राचीन हटकेश्वर नाथ मंदिर क्षेत्र को महाकाल कॉरिडोर की तरह ही आकर्षक लुक देने की मुहिम शुरू हो गई है। सर्वे के साथ ही पहले फेज में होने वाले करीब 10 करोड़ के निर्माण कार्यों की प्लानिंग पर काम चल रहा है। मंदिर क्षेत्र को संवारने के साथ ही मार्केट को भी व्यस्थित किया जाना है। लाइटिंग, ग्रीनरी के साथ ही मंदिर पहुंच के लिए सड़कों को भी चकाचक किया जाएगा।

राजधानी के खारुन तट पर स्थित महादेव मंदिर क्षेत्र आने वाले दिनों में महाकाल कॉरिडोर की तर्ज पर विकसित होने वाला है। इस परियोजना के लिए पहले फेज में काम करने के लिए रायपुर निगम को 10 करोड़ रुपए की स्वीकृत मिली है। इसके तहत महादेव घाट के शिव मंदिर और उससे जुड़े नदी तट को पर्यटन स्थल की तरह संवारने की योजना को अंतिम रूप दिया जा रहा है। यह कॉरिडोर रायपुरा पुल से लेकर भाठागांव बायपास रोड तक डेवलप होगा।

### पहले फेज के लिए सर्वे

कॉरिडोर प्रोजेक्ट के लिए पहले फेज का काम शुरू करने से पहले सर्वे किया गया है। मंदिर क्षेत्र में होने वाले काम की प्लानिंग के बाद जल्द ही निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।
- **विश्वदीप**, आयुक्त, नगर निगम, रायपुर



### दूसरे फेज में सिंचाई- पर्यटन विभाग

इस प्रोजेक्ट में दूसरे फेज का काम सिंचाई और पर्यटन विभाग द्वारा किया जाएगा। पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत ने बताया कि महादेव घाट का ऐतिहासिक महत्व है। इसे देखते हुए पर्यटन के रूप में विकसित करने की लंबे समय से मांग की जा रही थी। अब सरकार ने इस प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए पहले फेज का काम शुरू करने के लिए फंड भी जारी किया है। महादेव घाट कॉरिडोर का निर्माण होने से रायपुर को धार्मिक और पर्यटन के लिहाज से एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाएगा। इससे जहां भक्तों को बेहतर सुविधा मिलेंगी, वहीं आस्था केन्द्र का सौंदर्य भी बढ़ेगा।

### नई डबललेन सड़क से डायवर्ट होगा ट्रैफिक

प्रोजेक्ट से जुड़े सूत्रों ने बताया कि महादेव घाट कॉरिडोर प्रोजेक्ट के तहत विसर्जन कुंड से टाटीबंध होते हुए चंदनीडीह तक एक डबललेन सड़क बनाने का प्रस्ताव भी तैयार किया जा रहा है। इस काम को लोक निर्माण विभाग करने से पहले सर्वे करेगा। इस सड़क का निर्माण होने से भाठागांव, रायपुरा और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भिलाई-दुर्ग की ओर ट्रैफिक सुगम होगा। साथ ही आधे से अधिक ट्रैफिक डायवर्ट हो जाएगा।

### कॉरिडोर बनने के बाद बढ़ेगा व्यापार

इस योजना में पर्यावरण संरक्षण को भी प्राथमिकता दी जाएगी। महादेव घाट के आसपास और नई सड़क के किनारे हरियाली के लिए पौधा रोपण किए जाएंगे। इससे हरियाली बढ़ने के साथ ही स्थानीय व्यापार को भी बढ़ावा मिलेगा। कॉरिडोर प्रोजेक्ट की शुरुआत रायपुरा चौक से होगी। यहां से एक रास्ता पुल की ओर और दूसरा मंदिर की ओर जाता है। इस मार्ग से कॉरिडोर का काम शुरू करने की प्लानिंग जारी है। इसके अलावा मंदिर पहुंच मार्ग को सुगम बनाने के लिए 100 से 150 मीटर लंबी सड़क को प्लानिंग में शामिल किया गया है।

# लूट के तीन मामलों का खुलासा पांच आरोपी गिरफ्तार, एक फरार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के टैगोर नगर में शुक्रवार को तड़के पांच बजे 64 वर्षीय बुजुर्ग कारोबारी से चाकू की नोक पर सात हजार रुपए कैश तथा सोने की अंगूठी लूट के आरोप में पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया है। घटना में शामिल एक अन्य बदमाश की पुलिस पतासाजी करने की बात कह रही है। पूछताछ में बदमाशों ने तीन अलग-अलग जगहों पर लूट का अपराध कबूल किया है।

मोहन लाल सोनी से लूट के आरोप में पुलिस ने तेलीबांधा निवासी राहुल गौंद्रे, मोहम्मद ताज खान, रॉकी तांडी, राजा कन्नौजे, मोहम्मद ताहिर खान को गिरफ्तार किया है। मोहन लाल ने पुलिस को बताया है कि वह तड़के पांच बजे मॉर्निंग वाक करने निकला था। इस दौरान वह टैगोर नगर चौक पर बने हनुमान मंदिर के पास आराम करने के लिए बैठा था। इसी बीच एक एक्टिवा तथा एक बाइक में सवार छह बदमाश उसके पास पहुंचे और चाकू की नोक पर धमकाते हुए बदमाशों ने मोहन लाल की जेब से नकदी रकम लूटने के साथ ही सोने की अंगुठी लूटी और मौके से फरार हो गए।

### एक ही दिन में तीन लूट

मोहन लाल के साथ लूट करने के बाद बदमाश अपनी दोपहिया से तेलीबांधा की ओर फरार हो गए। इसके बाद बदमाश वीआईपी रोड, फुंडहर के पास दो अलग-अलग लोगों के साथ मोबाइल, कैश तथा सोने की चेन और अंगूठी लूट की। पुलिस ने कोतवाली तथा तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक ही पैटर्न पर लूट होने पर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की। पड़ताल में पुलिस को राहुल के बारे में जानकारी मिली। राहुल को हिरासत में लेकर पुलिस ने पूछताछ की, तो उसने अपने अन्य साथियों के बारे में जानकारी दी।

# चमत्कारिक चिकित्सा का दावा और भ्रामक विज्ञापनों के विरुद्ध कार्रवाई करें ड्रग इंस्पेक्टर

**रायपुर।** राज्य प्रशासनिक अकादमी निमोरा में छतीसगढ़ के सभी जिलों के आयुर्वेदिक ड्रग इंस्पेक्टर के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन छतीसगढ़ ड्रग्स टेस्टिंग लेबोरेट्री एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा किया गया। केंद्र के कंट्रोलर प्रो. डॉ. हरींद्र मोहन शुक्ला ने विज्ञप्ति में जानकारी दी। कार्यशाला का विषय था औषधि गुणवत्ता संवर्धन। प्रथम दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ आयुष के संयुक्त संचालक डॉ. सुनील कुमार दास ने भगवान धनवंतरी पूजन एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अपने उद्बोधन



में संयुक्त संचालक डॉ. दास ने त्रैमासिक लक्ष्य के अनुसार औषधि सैंपल परीक्षण के लिए भेजने पर जोर दिया, जिससे पूरे वर्षभर औषधि परीक्षण का कार्य सुगमता से हो सके। वर्षांत में एक साथ सैंपल भेजने से बचने की सलाह भी उन्होंने दी। कार्यशाला के अंतिम सत्र में संचालक आयुष इफ्फत आरा ने बताया कि बाजार में डायबिटिक, अस्थमा, अर्थराइटिस आदि बीमारियों की मिलावटी आयुर्वेदिक दवा बेचे जाने की जानकारी मिली है, इनके विरुद्ध योजनाबद्ध तरीके सैंपल जब्त करने की कार्यवाही करें और शीघ्रता से सैंपल जांच उपरांत अमानक पाए जाने पर नियमानुसार विधिक कार्यवाही करें। साथ ही चमत्कारिक चिकित्सा का दावा और भ्रामक विज्ञापनों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

## गोदावरी इस्पात ने गोद लिए 60 टीबी मरीज

**रायपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत जनभागीदारी के तहत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत गोदावरी पॉवर एवं इस्पात द्वारा धरसींवा विकासखंड के 60 टीबी मरीजों को गोद लेकर पोषण आहार प्रदान किया गया। इस उपलक्ष्य में डॉ. अविनाश चतुर्वेदी जिला क्षय नियंत्रण अधिकारी द्वारा हीरा ग्रुप के प्रति आभार व्यक्त किया गया एवं इस अवसर सभी टीबी से ग्रसित मरीजों को पूरा कोर्स लेने



के संबंध में प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में गोदावरी पॉवर प्लांट से सीएसआर एजीएम योगिता, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम से जिला सलाहकार अमन दास आनंद उपस्थित रहे।

# गंभीर लापरवाही, बूढ़ातालाब में फेंक दी एक्सपायरी दवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- परिक्रमा पथ के नेहरू नगर वाले हिस्से में फेंक गए अज्ञात लोग

दवाओं के एक्सपायरी होने पर उन्हें नियमानुसार बायोमेडिकल वेस्ट मानकर नष्ट करना होता है। राजधानी में कतिपय लोगों द्वारा इस पर गंभीर लापरवाही बरतते हुए खुजली से राहत देने वाली क्रीम बूढ़ातालाब में फेंक दी गई। मेलामेट नामक यह क्रीम सैकड़ों की संख्या में पानी में तैर रही, जो जोखिम का कारण बन सकती है।



बूढ़ातालाब के किनारे बनाए गए परिक्रमा पथ में नेहरू नगर वाले हिस्से में तालाब के भीतर किसी पॉलिथीन में भरकर मेलामेट नामक क्रीम फेंकी गई। क्रीम पॉलिथीन से बाहर आकर पानी में तैरने लगी और वहां आवाजाही करने वालों की नजर उस पर पड़ी। वर्ष 2021 में बनाई गई यह क्रीम 2023 में एक्पायरी हो चुकी है। आशंका है कि आसपास के किसी मेडिकल स्टोर्स वाले द्वारा यह क्रीम लाकर तालाब में फेंका गया होगा, जो गंभीर लापरवाही है। नियम के मुताबिक किसी भी तरह की दवा अथवा सर्जिकल आयटम कालातीत होने के बाद बायोमेडिकल वेस्ट की श्रेणी में आ जाता है। इसका नष्टीकरण नियम के मुताबिक अधिकृत संस्था द्वारा किया जाता है। किसी खुले स्थान पर इसे फेंकना प्रतिबंधित है और ऐसा करते पकड़े जाने वाले के खिलाफ बड़े जुर्माने की कार्रवाई की जाती है।

## पेज 13 के शेष

### सतीश थौरानी होंगे चैंबर...

संपन्न हो सके। गौरतलब है कि चेंबर चुनाव को लेकर बीते एक वर्ष से जय व्यापार पैनल तथा चेंबर अध्यक्ष अमर पारवानी और व्यापारी एकता पैनल के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी के बीच तकरार देखने को मिल रही थी। अब दोनों पैनल के संयुक्त प्रत्याशी मैदान में हैं।

### प्रदेशभर में 3 घंटे ठप...

कारण रजिस्ट्री नहीं हो पाई, लेकिन जितने लोगों ने अपॉइंटमेंट ले रखे थे, उन सभी लोगों की रजिस्ट्री हो गई।

**बिलासपुर में भी आधे से कम लोगों की हो पाई रजिस्ट्री** : इधर बिलासपुर में भी सर्वर के ठप होने के कारण रजिस्ट्री दफ्तर में देर शाम तक लोगों की भीड़ लगी रही। पंजीयन कार्यालय में प्रतिदिन 150 से अधिक रजिस्ट्रियां होती हैं, लेकिन सर्वर में आई दिक्कत के कारण दिनभर में 30 रजिस्ट्री ही हो पाई। शेष सभी रजिस्ट्रियों की तारीख आगे बढ़ा दी गई हैं। इस तरह दिनभर परेशान होने के बाद भी बड़ी संख्या में लोगों को बिना रजिस्ट्री कराए लौटना पड़ा। यहां के जिला पंजीयक आरआर स्वर्णकार ने बताया कि सर्वर की समस्या पूरे प्रदेश में रही है। इस कारण परेशानी तो हुई है, लेकिन देर शाम इसे ठीक कर लिया गया था।

### व्यापम-पीएससी नहीं...

गौरतलब है कि रविवि अध्ययनशाला में संचालित पाठ्यक्रमों के लिए प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाती है। ऑनलाइन मोड में होने वाली यह परीक्षा पूर्व में निशुल्क थी, लेकिन अब परीक्षा में बैठने के लिए 700 रुपए देने होंगे। इस संदर्भ में रविवि द्वारा 20 मार्च को अधिसूचना जारी की गई। आवेदन प्रक्रिया 25 मार्च से प्रारंभ हो रही है। परीक्षा प्रक्रिया में अन्य बदलाव नहीं लाए गए हैं।

**सीबीएस में 20 सीटें मैनेजमेंट कोटे की** : सेंटर फॉर बेसिक साइंस में संचालित हो रहे पंचवर्षीय एमएससी के लिए भी आवेदन प्रक्रिया 25 मार्च से आरंभ हो रही है। बारहवीं कक्षा विज्ञान समूह से उत्तीर्ण करने वाले छात्र इसके लिए आवेदन कर सकेंगे। इसमें 40 स्कॉलरशिप सीटों में प्रवेश प्राप्त सभी छात्रों को 5000 रुपये प्रति माह स्कालरशिप का प्रावधान है। स्कॉलरशिप वाली इस 40 सीटों के अलावा मैनेजमेंट कोटे की 20 सीटें इस बार भी रहेंगी। ये 20 सीटें पेमेंट सीट रहेगी। इसमें प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप प्रदान नहीं की जाएगी। पाठ्यक्रम सहित अन्य जानकारी रविवि की आधिकारिक वेबसाइट में अपलोड कर दी गई है।

## बिजनेस साइट

### सुयश हॉस्पिटल ने रायगढ़ रेडक्रॉस को भेंट की एम्बुलेंस



**रायपुर।** सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत सुयश हॉस्पिटल ने भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी रायगढ़ शाखा को एक नई एम्बुलेंस प्रदान की। यह एम्बुलेंस मरीजों को त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में मदद करेगी। सुयश हॉस्पिटल की संचालक रितु गोयल ने रायगढ़ जिले के कलेक्टर कार्तिकेय गोयल को एम्बुलेंस की चाबी सौंपी। इसके बाद कलेक्टर ने कलेक्टोरेट परिसर से एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एम्बुलेंस डॉ. नितिन गोयल, डॉ. मनोज लाहोटी एवं डॉ. विवेक केशरवानी (डायरेक्टर, सुयश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, रायपुर) द्वारा स्व. महेंद्र कुमार मोड़ा (महेंद्र टॉयर) की स्मृति में रेडक्रॉस सोसायटी को भेंट की गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल, जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे। रेडक्रॉस को मिली इस नई एम्बुलेंस से जिले में आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं को और अधिक सशक्त किया जाएगा।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने लांच किया 'बड़ौदा एमडिजिनेक्स्ट' मोबाइल एप



**रायपुर।** भारत के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए 'बड़ौदा एमडिजिनेक्स्ट' मोबाइल एप लांच करने की घोषणा की है। यह एप बैंक ऑफ बड़ौदा कैश मैनेजमेंट सर्विसेज (बीसीएमएस) का उपयोग करने वाले बैंक के कॉर्पोरेट ग्राहकों के लिए विशेष रूप से विकसित किया गया है। इस कदम के साथ बैंक ऑफ बड़ौदा उन चुनिंदा भारतीय बैंकों में शामिल हो गया है, जो कॉर्पोरेट सेक्टर के नकदी प्रबंधन की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष डिजिटल समाधान पेश कर रहे हैं।

इस अवसर पर बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी देबदत्त चांद ने कहा कि यह एप आधुनिक तकनीक और उपयोगकर्ता के अनुकूल इंटरफेस से लैस है, जिससे ग्राहक तेज, सुरक्षित और सुचारू बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे।

## मेडिकल प्रवेश के लिए तीन वर्ष का आय प्रमाणपत्र नियम रद्द करने मुख्यमंत्री से मांग

- छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कर्मचारी-अधिकारी संघ ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** मेडिकल प्रवेश के लिए पिछड़ा वर्ग क्रीमीलेयर से तीन साल के आय प्रमाणपत्र मांगने के नियम रद्द करने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग कर्मचारी-अधिकारी संघ द्वारा इसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन सौंपा गया है। सिस्मट ऑनलाइन होने के बाद लगातार तीन साल का आय प्रमाण पत्र बनना बंद हो गया है। संघ के अध्यक्ष अनिल सिन्हा, प्रांतीय महामंत्री राजेश चंद्राकर ने बताया कि तीन साल के आय प्रमाण पत्र की मांग अव्यवहारिक है। पूर्व में भी इस मांग पर विभिन्न संगठनों द्वारा आपत्ति जताई गई थी जिसके पर संचालनालय चिकित्सा शिक्षा द्वारा आय प्रमाण पत्र के नियम की डिमांड नहीं किए जाने के निर्देश जारी किए गए थे।

# थाना परिसर में खड़ी कार में आग पुलिस की सजगता से बड़ी घटना टली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खमतराई थाना परिसर में खड़ी एक कार में आग लग गई। पुलिस की सजगता से आग पर तत्काल काबू पा लिया गया, जिसकी वजह से एक बड़ी घटना टल गई। चूक होने पर थाना परिसर में खड़ी अन्य गाड़ियों के साथ ही थाने की बिल्डिंग आग की चपेट में आ जाती। घटना शुक्रवार दोपहर की है।

खमतराई टीआई सचिन सिंह के मुताबिक दोपहर में पुलिस स्टाफ थाना के अंदर अपने काम में व्यस्त था। इस बीच थाना परिसर से एक पुलिसकर्मी ने धुंआ उठते देखा।



बाहर निकलकर देखने पर एक कार धू-धू कर जल रही थी। कार जलने की जानकारी मिलने पर टीआई सहित पुलिस स्टाफ थाने से बाहर निकला। इस दौरान आग बुझाने के लिए मौके पर खड़े डॉयल-112 से अग्निशमन यंत्र को बाहर निकाला गया और कार के टायर में लगी आग को बुझाया गया।

मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

टैक्सी चाहिए
हरिभूमि समाचार पत्र में रात्रि पेपर पार्सल ले जाने हेतु तूफान, बोलेरो, क्रुजर, टाटा एस की आवश्यकता है।
बलौदाबाजार से बिलाईगढ़-सरसींवा
संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,000/-
8 रात व 9 दिन
EX हरिद्वार
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
02 मई से 10 मई 2025, 07 मई से 15 मई 2025, 18 मई से 26 मई 2025, 29 मई से 06 जून 2025, 09 जून से 17 जून 2025
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 17,000/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

आवश्यकता है
अखबार फोल्डिंग कार्य हेतु युवकों की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ संपर्क करें
9399161607, समय : रात 8.30 बजे
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, रायपुर